दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शुक्रवार 04 जुलाई-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 195 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## भारत में लोकतंत्र सिस्टम नहीं, संस्कार हैं : पीएम मोदी



**घाना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को घाना की संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'आज इस प्रतिष्ठित सदन को संबोधित करते हुए मुझे गर्व महसूस हो रहा है। घाना में होना सौभाग्य की बात है। यह लोकतंत्र की भावना से भरी हुई धरती है। घाना पूरे अफ्रीका के लिए प्रेरणा का केंद्र है।'

मोदी ने कहा, 'भारत लोकतंत्र की जननी है। यह हमारे लिए एक सिस्टम नहीं, बल्कि संस्कार है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत दुनिया के लिए शक्ति का स्तंभ है। एक मजबूत भारत एक स्थिर और समृद्ध दुनिया में योगदान देगा।'

पीएम मोदी ने कहा, 'घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा से कल नेशनल अवॉर्ड मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत के 140 करोड़ लोगों की ओर से, मैं इस सम्मान के लिए घाना के लोगों को धन्यवाद देता हूं। हमारी दोस्ती आपके मशहूर शुगर लोफ अनानास से भी मीठी है।' पीएम मोदी 2 जुलाई से 10 जुलाई तक विदेश यात्रा पर हैं। इस दौरान वे 5 देशों में जाएंगे। घाना उनका पहला पड़ाव है।

शेष, पृष्ठ 7

# 50 यात्रियों वाले दल में केवल छह यात्री ही पहुंचे वापसी में कैलाश मानसरोवर भवन

## 15 जून को हुआ था गाजियाबाद से दल यात्रा के लिए रवाना

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद के कौशांबी इलाके में कैलाश मानसरोवर भवन की स्थापना की गई। इस प्रोजेक्ट को मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट कहा जाता है। 15 जून को गाजियाबाद के इसी भवन से कैलाश मानसरोवर यात्रियों का पहला दल तीर्थ यात्रा पर रवाना हुआ था।

15 जून को उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रा पर जा रहे यात्रियों के प्रथम दल को समारोह पूर्वक रवाना किया था।

इस कार्यक्रम में प्रमुख सचिव धर्मार्थ कार्य, पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम, विशेष सचिव संस्कृति एवं निदेश धर्मार्थ कार्य संजय सिंह, जिलाधिकारी गाजियाबाद दीपक कुमार मीणा, उत्तर प्रदेश पर्यटन निगम की निदेशक सुश्री सान्या छाबड़ा, संयुक्त निदेशक धर्मार्थ कार्य विश्वभूषण मिश्र तथा श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी भी मौजूद रहे थे। लेकिन जब कैलाश मानसरोवर से यात्रियों का जत्था लौटा तो पता चला कि केवल छह तीर्थ यात्री ही कैलाश मानसरोवर भवन पहुंचे, जबकि 44 यात्रियों ने दिल्ली से ही सीधे अपने-अपने घर की राह पकड़ ली।

जिस जत्थे को उत्साहपूर्वक रवाना किया गया था उस जत्थे ने यात्रा पूरी करने के बाद कैलाश मानसरोवर भवन की तरफ आने में कोई उत्साह नहीं दिखाया। गुरुवार को ये जत्थ वापस लौटा। यहां सरकार की तैयारी थी कि उन्हें प्रशस्ति पत्र और माला देकर सम्मानित किया जाएगा, लेकिन केवल छह लोग ही यहां पहुंचे।

अब अगर यात्री उत्साह नहीं दिखाएंगे तो सवाल उठना लाजमी है, लेकिन इसके पीछे ये भी तर्क दिया जा रहा है कि यात्रा पर जाते समय तीर्थ यात्रियों में एक अलग उत्साह होता है और लौटते समय उनकी प्राथमिकता जल्द से जल्द अपने घर पर पहुंचकर अपने परिजनों से मिलने की होती है तो ऐसा भी हो सकता है कि यात्री इसीलिये ना पहुंचे हों।






### एक लाख की सब्सिडी देने की भी हुई थी घोषणा

करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाने वाले उत्तर प्रदेश के तीर्थ यात्रियों को एक लाख रुपए की सब्सिडी भी प्रदान करने की घोषणा की थी। इस संबंध में शासनादेश पहले ही जारी हो चुका है। इस योजना का लाभ उठाने के लिये सफलतापूर्वक यात्रा पूरी कर वापस लौटे उत्तर प्रदेश के निवासी तीर्थ यात्रियों हेतु ऑनलाइन आवेदन का लिंक लाइव कर दिया है। ट्रांजिट आवासन कैंप कैलाश मानसरोवर भवन गाजियाबाद में भी ऑनलाइन आवेदन हेतु डेस्क संचालित है। उत्तर प्रदेश शासन की प्राथमिकता सभी श्रद्धालुओं को सर्वश्रेष्ठ सुविधा एवं तीर्थ यात्रा अनुभव प्रदान करने की है।

### भगवान विश्वनाथ को अर्पित रुद्राक्ष माला और विद फैमिली दर्शन कार्ड भेंट किए यात्रियों को



करंट क्राइम। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी द्वारा मंदिर न्यास की कार्यपालक समिति के अध्यक्ष मंडल आयुक्त वाराणसी एस राज लिंगम की सहमति प्राप्त कर संयुक्त निदेशक धर्मार्थ कार्य तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी विश्वभूषण मिश्र द्वारा यह घोषणा की गई थी कि कैलाश मानसरोवर तीर्थाटन के पश्चात तीर्थ यात्रियों को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर द्वारा भगवान विश्वनाथ को अर्पित रुद्राक्ष माला, प्रसाद तथा परिवार सहित सुगम दर्शन कार्ड की भेंट प्रदान की जाएगी। इसी घोषणा के समादर में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास से डिप्टी कलेक्टर पवन प्रकाश पाठक यह भेंट लेकर काशी से गाजियाबाद पहुंचे। उन्होंने गुरुवार की सुबह तीर्थ यात्रा से लौटे तीर्थ यात्रियों को यह प्रसाद कार्ड भेंट किया।

# हाउस टैक्स का मुद्दा अभी नहीं हुआ है शांत

## आज निगम में फिर बैठेंगे 25 पार्षद इस मुद्दे पर एक साथ

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का मुद्दा अभी शांत नहीं हुआ है। जो लोग ये मानकर चल रहे हैं कि निगम की विशेष बोर्ड बैठक के बाद टैक्स भी कम हो गया और विरोध भी शांत हो गया तो वो थोड़ा अपडेट हो लें। जिस टैक्स को प्रस्ताव द्वारा निरस्त किया गया है उसे लेकर ये लगातार कहा जा रहा है कि टैक्स बढ़ोत्तरी का फैसला स्थगित हुआ है, कैंसिल नहीं हुआ है। अभी इस मामले में अदालत को 29 जुलाई को सुनवाई करनी है और शासन से रिपोर्ट आनी है। उसी के बाद तय होगा।

सूत्र बताते हैं कि अंदरखाने पार्षदों के बीच भी इस मुद्दे पर गुटबाजी होने लगी है। एक गुट वो है जो सरकार कह बुराई नहीं चाहता, वो टैक्स के मुद्दे पर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है और दूसरा गुट वो है जो लगातार इस बात को रख रहा है कि हमें जनता ने चुना है, हम जनता के प्रतिनिधि हैं और जनता अगर किसी फैसले से नाराज है, किसी फैसले के खिलाफ हैं तो फिर जनता के ही साथ हैं। सूत्र बताते हैं कि गुरुवार को फिर से पार्षदों के ग्रुप पर बिगुल बज गया और ये बात भी खुलकर सामने आ गई कि पिक्चर अभी बाकी है और गेम अभी फिनिश नहीं हुआ है, मुद्दा अभी शांत नहीं हुआ है। पार्षदों ने गुरुवार को आपस में एकजुटता दिखाई और वो फिर से बढ़े हुए हाउस टैक्स के खिलाफ एकजुट हो गए। बताया जाता है कि आज यानी शुक्रवार को नगर निगम के पार्षद हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में एकसाथ बैठेंगे। उनका कहना है कि जब बैठक में तय हो गया कि नई दरों पर कर नहीं वसूला जाएगा तो फिर नगर निगम नई दरों पर क्यों हाउस टैक्स वसूल रहा है। निगम इस तस्वीर क्यों स्पष्ट नहीं कर रहा है। अगर कोर्ट के फैसले का इंतजार है तो फिर निगम प्रशासन ये फरमान क्यों नहीं जारी कर रहा है कि टैक्स की राशि कोर्ट के फैसले के बाद ही जमा कराए। क्यों नई दरों पर टैक्स लिया जा रहा है। एक बार फिर से पार्षद इस मुद्दे पर बिगुल बजाने की स्थिति में आ गए हैं और आज 25 पार्षद नगर निगम पहुंचेंगे और एक बैठक करेंगे। बताया जाता है कि पार्षदों ने तय किया है कि वो अब इस मुद्दे पर एक संयुक्त पत्र बनाएंगे। इस पत्र में सभी दलों के पार्षद आएंगे। आज फिलहाल निगम के पार्षद हाउस टैक्स को लेकर निगम में बैठक करेंगे।







### पार्षद मांगेंगे बोर्ड बैठक के मिनट्स

करंट क्राइम। नगर निगम की बोर्ड बैठक हुई और मेयर ने ये घोषणा की कि बढ़ी हुई दरों पर हाउस टैक्स नहीं लिया जाएगा। पार्षदों ने इसे अपनी जीत बताया और ये भी पहली बार हुआ कि निगम सदन की मुखिया के गले में जो हार पड़ने थे वो हार संगठन के अध्यक्ष के गले में पड़े। पार्षदों ने उनका आभार व्यक्त किया। इसी बीच ये चर्चा चली कि कोई बढ़ा टैक्स वापस नहीं लिया गया है और यह केवल कुछ समय के लिये स्थगित हुआ है। अंतिम फैसला कोर्ट के आदेश पर निर्भर करता है और इस मामले में शासन क्या आदेश देता है। पूर्व पार्षदों ने पहले ही दिन बोर्ड बैठक के मिनट्स मांगे और वो इसे लेने का प्रयास कर रहे हैं। इसी बीच गुरुवार को जब पार्षदों की बैठक की रणनीति बनी तो इसमें मिनट्स बुक को लेकर भी तय हो गया। सूत्र बताते हैं कि पार्षद अब नगर निगम की बोर्ड बैठक के मिनट्स मांगेंगे। इसके बाद वो आगे की रणनीति बनाएंगे।

# भाजपा मंडल टीम की पदाधिकारी लिस्ट हो गई फाइनल

## आज क्षेत्रीय अध्यक्ष कर सकते हैं घोषणा

**लिस्ट पर फाइल मोहर क्षेत्रीय अध्यक्ष को लगानी है। उन्हीं के हस्ताक्षर से और क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा ही इस लिस्ट की घोषणा होगी।**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा में घोषणा एक ऐसी चीज हो गई है जिसका इंतजार बहुत लंबा हो जाता है।

22 में सरकार बनी और सरकारी कृपा वाली लिस्ट में आने की ख्वाहिश लिये-लिये 2025 भी आधा गुजर गया है, लेकिन घोषणा है कि नहीं हो रही। मंडल अध्यक्षों की घोषणा हो गई लेकिन मंडल वाली टीम की घोषणा लगातार टल रही है।

वहीं महानगर में अध्यक्ष की घोषणा हो गई लेकिन टीम की घोषणा लगातार पेंडिंग मोड पर है और एक अरसा गुजर गया मगर, इंतजार खत्म नहीं हो रहा।

सूत्र बताते हैं कि सीन महानगर का हो या मंडल का हो, सिफारिशों का एक बड़ा हुजूम है। कुछ गुजारिशें हैं कुछ सिफारशें हैं और इन सबके बीच इंतजार की तारीखों पर तारीखें हैं। घोषणाओं का दौर लगातार टल रहा है। मंडल अध्यक्ष घोषित हो चुके और मंडल की टीम घोषित होनी है।

संभावना जताई जा रही थी कि गुरुवार को भाजपा के सभी मंडलों की लिस्ट जारी हो जाएगी, लेकिन लिस्ट घोषित नहीं हुई। दैनिक करंट क्राइम ने इस लिस्ट को लेकर भाजपा के महानगर महामंत्री सुशील गौतम से बात की।

सुशील गौतम को मंडल के पदाधिकारियों वाली सूची को संकलित करने की जिम्मेदारी दी गई है।

सुशील गौतम ने दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में ये कहा कि मंडलों की लिस्ट पूरी तरह फाइनल हो चुकी है। उन्होंने बताया कि कोई सस्पेंस नहीं है और सभी मंडलों से मंडल पदाधिकारियों के संभावित नाम आ गए हैं। नामों की ये लिस्ट फाइनल हो चुकी है और मंडल पदाधिकारियों की यह फाइनल लिस्ट क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया के पास भेजी जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि अब इस लिस्ट पर फाइल मोहर क्षेत्रीय अध्यक्ष को लगानी है। उन्हीं के हस्ताक्षर से और क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा ही इस लिस्ट की घोषणा होगी। इस बात की संभावना जताई जा रही है कि क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा यह लिस्ट आज घोषित की जा सकती है और लिस्ट की घोषणा के बाद मंडल पदाधिकारियों के नाम भी सबके सामने आ जाएंगे।

# 'मिर्जापुर में दिखा एमएलसी दिनेश गोयल का 'करंट''

## बिजली विभाग के अधिकारियों को जनहित में दिए कई निर्देश




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मिजार्पुर जिला पंचायत सभागार में गुरुवार को दिनेश कुमार गोयल, सभापति प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की अध्यक्षता में गार्ड ऑफ ऑनर के पश्चात समिति के सदस्यों के साथ व चीफ विद्युत विभाग व विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ मिलकर मिर्जापुर एवं सोनभद्र जिले की विद्युत से सम्बन्धी समीक्षा बैठक की गयी।

सभापति दिनेश कुमार गोयल ने मीटिंग में कहा कि जब विद्युत विभाग द्वारा एकमुश्त समाधान योजना या अन्य कोई महत्वपूर्ण योजनाएं शासन के आदेशानुसार चलायी जाती हैं तो उसका व्यापक प्रचार-प्रसार होना चाहिए जिससे आम जनमानस अधिक से अधिक उसका लाभ ले सकें।

इस मीटिग के दौरान सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ विजय बहादुर पाठक, डॉ. रतन पाल सिंह, जितेन्द्र सिंह सेंगर, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, रविशंकर पप्पू भैया सदस्यगण विधान परिषद, रत्नाकर मिश्रा विधायक मिर्जापुर व जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, चीफ विद्युत विभाग व विद्युत विभाग से सम्बन्धित सभी उच्चाधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि दिनेश गोयल अभी तक लगभग 40 जनपदों का दौरा कर चुके हैं। मिर्जापुर में भी जनसमस्याओं के निस्तारण को लेकर उनका करंट खूब दिखाई दिया।

# दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर पहुंचे नगर आयुक्त, कांवड़ व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## निगम अधिकारियों ने चल रहे गुप्त नवरात्रि पर देवी दर्शन कर किया कन्या पूजन, लगाया एक पेड़ मां के नाम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा निरीक्षण के क्रम में दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर पर पहुंचकर कांवड़ यात्रा महोत्सव की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। साथ में सभी निगम अधिकारी भी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त तथा निगम अधिकारियों ने महंत श्री नारायण गिरी जी से भी मुलाकात की। चल रहे गुप्त नवरात्रि के क्रम में देवी स्तुति करने के उपरांत कन्या पूजन भी किया तथा मंत्र उच्चारण के साथ ही एक पेड़ मां के नाम के क्रम में पौधा रोपण भी किया गया।

### 24 घंटे सफाई मित्रों की टीम कांवड़ रूट तथा मंदिरों में रहेगी : विक्रमादित्य सिंह मलिक

करंट क्राइम। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर प्राचीन मंदिर है जहां पर अधिक संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक किया जाता है। पूर्व की भांति इस वर्ष भी गाजियाबाद नगर निगम के सभी विभाग व्यवस्था में रहेंगे। 24 घंटे सफाई मित्रों तथा अधिकारियों की टीम कांवड़ रूट तथा मंदिरों में रहेगी तथा व्यवस्थाओं को संभालेगी। इसी क्रम में दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर का जायजा लिया गया। महंत श्री नारायण गिरी तथा अन्य पुजारी से भी वार्ता करते हुए योजना बनाई गई। अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से भी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएगी, मंदिर पुजारी तथा महंत जी द्वारा बताए गए कार्य जिसमें सीवर सफाई, शौचालय की व्यवस्था, तथा प्रकाश व्यवस्था पर विशेष कार्यवाही करने के लिए विभाग को निर्देश दिए गए।

### मांस तथा मीट की दुकान पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी

करंट क्राइम। कांवड़ रूट तथा दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर के आसपास लगे हुए इलेक्ट्रिक पोल पर सुरक्षा की दृष्टि से फ्लेक्स लगाई जाएगी। प्रमुख स्थानों पर कैमरे भी लगाए जाएंगे। रूट पर तथा मंदिर के आसपास मार्गों को व्यवस्थित किया जाएगा। अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जाएगा। मांस तथा मीट की दुकान पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी।





### जलाभिषेक हेतु गंगाजल की कराई जाएगी व्यवस्था : नगर आयुक्त

करंट क्राइम। जलाभिषेक के लिए प्रमुख मंदिरों पर गंगाजल की व्यवस्था भी कराई जाएगी। गंगाजल के टैंकर लगवाए जाएंगे। पुलिस प्रशासन तथा गाजियाबाद नगर निगम द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रूप से कांवड़ महोत्सव में अहम भूमिका निभाई जाएगी। नगर आयुक्त द्वारा महंत जी को अवगत कराया गया। मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, प्रभारी प्रकाश एसपी मिश्रा व अन्य टीम उपस्थित रही। महंत नारायण गिरी ने सभी निगम अधिकारियों का उत्साहवर्धन किया, तथा भव्य कांवड़ यात्रा महोत्सव को सफल बनाने की योजना बनाई।

### हर वर्ष की भांति इस बार भी धूमधाम से निकलेगी कांवड़ यात्रा : महंत श्री नारायण गिरी महाराज



करंट क्राइम। महंत श्री नारायण गिरी ने बताया कि गाजियाबाद नगर आयुक्त तथा निगम अधिकारियों से बैठक की गई प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रूप से कांवड़ महोत्सव का आयोजन हो रहा है जिसमें निगम की अहम भूमिका रहेगी। साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था तथा सबसे महत्वपूर्ण श्रद्धालुओं को व्यवस्थित करने के लिए भी बैरिकेडिंग का कार्य गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किया जाएगा। चर्चा की गई तथा योजना बनाई गई वर्तमान में कार्य चल भी रहा है जिसको 10 दिन के भीतर पूर्ण करने के लिए नगर आयुक्त तथा निगम अधिकारियों को कहा गया।

# हिमाचल प्रदेश में बादल फटने से अब तक 56 लोग लापता, 19 की मौत

## प्रदेश में एक सप्ताह तक भारी बारिश का अलर्ट, कुछ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट

**शिमला/मंडी।** हिमाचल प्रदेश में बादल फटने से हुई तबाही में मरने वालों की संख्या 19 हो गई है। मंडी जिले में लापता लोग 34 से बढ़कर 56 हो गए हैं। इनमें सर्वाधिक 46 लोग सराज क्षेत्र के हैं। थुनाग में आठ, गोहर में छह लोगों की मौत, करसोग में एक की मौत, कांगड़ा में दो, नादौन और जोगिंद्रनगर में एक-एक जान गई है। 370 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंडी के प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद रेस्क्यू और आपदा राहत के लिए वायुसेना की मदद मांगी है। सराज के थुनाग में 16, पखरैर में 18, जरोल में 7, चिऊणी में 4 और पांडवशीला में एक व्यक्ति लापता है। गोहर उपमंडल के स्यांज और बाड़ा परवाड़ा में छह लोगों की मौत हुई हैं जबकि आठ लापता हैं। करसोग उपमंडल में एक की मौत हुई है। जबकि दो लोग लापता हैं। बादल फटने और भूस्खलन के चलते थुनाग और जंजैहली उपमंडल में सड़कें ध्वस्त हो गई हैं। कई क्षेत्रों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और प्रशासन की टीमें राहत एवं बचाव कार्यों में लगी हैं।






मानसून सीजन में अब तक 63 लोगों की मौत : सोमवार रात को बादल फटने और भारी बारिश-भूस्खलन से प्रदेश में 100 से अधिक सड़कें अभी भी अवरुद्ध हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार मंडी में 154 घर, 106 गोशालाएं, 14 पुल ध्वस्त हो गए हैं। 31 गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं। 164 मवेशियों की मौत हुई है। प्रदेश में सैकड़ों बिजली ट्रांसफार्मर व पेयजल योजनाएं ठप हैं। कुल्लू की बंजार घाटी में फंसे करीब 250 सैलानी सुरक्षित निकाल लिए गए हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस मानसून सीजन के दौरान 20 जून से 2 जुलाई तक प्रदेश में आपदा से 63 लोगों की मौत हो चुकी है। 109 लोग घायल हुए हैं और 40 लापता हैं। 13 पक्के व 44 कच्चे मकान भी ध्वस्त हो गए। 179 गोशालाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। कुल 40,702.43 लाख रुपये का नुकसान हो चुका है। वहीं सड़क हादसों में 26 लोगों की मौत हुई है।

**बादल फटने से मनाली-लेह मार्ग पर आया मलबा**

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य में 9 जुलाई तक भारी बारिश जारी रहने का अलर्ट है। 3,4,8 व 9 जुलाई के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि 5 से 7 जुलाई तक कई भागों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है। ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन व सिरमौर जिले में अलग-अलग दिन भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

ऐसे में लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है। नदी-नालों, भूस्खलन के प्रति संवेदनशील स्थलों से दूर रहने की सलाह दी गई है। साथ ही मौसम की स्थिति के अनुसार अपनी यात्रा तय करने को कहा गया है। अगले 24 घंटों के दौरान कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर, शिमला और सिरमौर जिले के कुछ जलग्रहण क्षेत्रों और पड़ोस में मध्यम बाढ़ का खतरा होने की संभावना है।

# बिहार विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की एंट्री

## अरविंद केजरीवाल बोले- अपने दम पर लड़ेंगे

**पटना।** बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इस चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इस बीच आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि आम आदमी पार्टी बिहार में अपने दम पर विधानसभा चुनाव लड़ने जा रही है। बता दें कि गुरुवार को दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अरविंद केजरीवाल ने यह बयान दिया। इस दौरान उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि बिहार में आम आदमी पार्टी किसी गठबंधन के साथ चुनाव नहीं लड़ेगी। इंडिया गठबंधन केवल लोकसभा चुनाव के लिए था।




**भाजपा नेता अजय आलोक ने साधा निशाना :** बता दें कि आम आदमी पार्टी बिहार के सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है। इसे लेकर भाजपा नेता अजय आलोक ने कहा, 'अरे कपटीवाल जी, सुनें बिहार में 243 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। बिहार में किसी से गठबंधन नहीं करेंगे। बिहारियों और पूर्वांचलियों ने दिल्ली में सर मुंड दिया आपका, दिल्ली से भगा दिया, आपका मन नहीं भरा। पंजाब नाम के एटीएम का कितना यूज करेंगे। 3 साल में डेढ़ लाख करोड़ का कर्जा पंजाब पर चढ़ा दिया। गुजरात में लड़िएगा, बिहार में लड़िएगा। पंजाब एटीएम को गजब चूस रहे हैं। आइए बिहार में लड़िए चुनाव। राजनीतिक हैसियत और राजनीतिक औकात दोनों का पता आपको चल जाएगा। वेलकम टू बिहार, मिस्टर कपटीवाल।'

**साल के अंत में होगा विधानसभा चुनाव :** बता दें कि इस साल के अंत में बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसे लेकर राजनीति भी तेज हो गई है और सभी राजनीतिक दलों द्वारा जोर आजमाइश की जा रही है। बीते दिनों चुनाव आयोग ने जन सुराज पार्टी को आगामी चुनावों के लिए 'स्कूल बैग' चुनाव चिह्न आवंटित किया था। पार्टी के सभी 243 प्रत्याशी इस निशान पर चुनाव मैदान में उतरेंगे। जन सुराज पार्टी ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि 'स्कूल बैग' शिक्षा और प्रगति का प्रतीक है, जो उनकी विचारधारा को दर्शाता है। बता दें कि जन सुराज बिहार में एक उभरता हुआ राजनीतिक दल है, जिसकी स्थापना प्रशांत किशोर ने की है।

# यूपी कैबिनेट का अहम फैसला, जेपीएनआईसी का संचालन करेगा लखनऊ विकास प्राधिकरण

### उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के कार्मिकों की सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष करने की मंजूरी।




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में अहम फैसला लेते हुए जेपीएनआईसी के संचालन की जिम्मेदारी लखनऊ विकास प्राधिकरण को सौंप दी गई। लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को हुई कैबिनेट बैठक में 30 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

बैठक के बाद मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने जानकारी देते हुए कहा कि बैठक में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए नए लिंक एक्सप्रेसवे को मंजूरी दे दी गई है।

### बैठक में इन प्रस्तावों को दी गई मंजूरी

- बैठक में बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलमेंट अथॉरिटी एरिया रेगुलेशन 2025 को मंजूरी दी।
- औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति - 2022 के अंतर्गत उच्च स्तरीय प्राधिकृत समिति की दिनांक 20 मार्च, 2025 एवं 27 मार्च 2025 को सम्पन्न बैठक में की गई संस्तुतियों का अनुमोदन किया गया।
- उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के गठन को मंजूरी।
- उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियां तथा आदर्श जोनिंग रेगुलेशंस - 2025 लागू करने को मंजूरी।
- राज्य सरकार की समेकित वित्तीय प्रणाली प्रबंध प्रणाली (इंटीग्रेटेड फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम - क्रान्ति)के उन्नयन हेतु इलेक्ट्रिनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के वैज्ञानिक संस्था-सेंटर फार डेवलपमेंट आफ एडवान्स कम्प्यूटिंग को नामांकन के आधार पर अनुबंधित किए जाने को मंजूरी।
- यूपी में निजी क्षेत्र के अंतर्गत डॉ. के एन मोदी विश्वविद्यालय, मोदीनगर, गाजियाबाद की स्थापना को मंजूरी।
- उत्तर प्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा नियमावली 1975 में संशोधन को मंजूरी।
- उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी सेवा नियमावली 2025 को मंजूरी।
- उत्तर प्रदेश पशुपालन विभाग वेटनरी फार्मासिस्ट सेवा नियमावली 2025 को मंजूरी।
- उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के कार्मिकों की सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष करने की मंजूरी।




# पंडाल का हिस्सा गिरने से एक श्रद्धालु की मौत, आठ घायल

**नई दिल्ली।** छतरपुर बागेश्वर धाम में गुरुवार सुबह पंडाल का एक हिस्सा गिरने से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल बताए गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि बारिश और आंधी के चलते ये हादसा हुआ। हादसा सुबह 7 बजे आरती के बाद हुआ। लोहे का एंगल गिरने की वजह से श्रद्धालु के सिर पर चोट लगी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरती के दौरान बारिश हो रही थी। इसी समय भारी भीड़ जमा हो गई। बारिश से बचने के लिए लोग शेड के नीचे पहुंचे थे। मृतक का नाम श्यामलाल कौशल है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**हादसा सुबह 7 बजे आरती के बाद हुआ**

घायल राजेश ने बताया कि उनके ससुर लाला श्यामलाल कौशल की इस हादसे में मौत हो गई है। वहीं परिवार के 6 लोग घायल हुए हैं। घायलों में पत्नी सौम्या, बच्ची पारुल, बच्ची उन्नति, पड़ोसी आर्यन, कमला हैं। इनको अस्पताल में भर्ती किया गया है। उन्होंने बताया कि हम लोगों को दर्शन के लिए जाना था पानी गिरने लगा तो भागकर पंडाल के नीचे खड़े हो गए और जब पानी बंद हो गया तभी अचानक पंडाल गिर गया और भगदड़ मच गई। हम लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई है। यहां पंडाल में तकरीबन 15 से 20 लोग नीचे दब गए तो वहां मौजूद लोगों ने उन्हें बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि बड़े पापा के सिर में लोहे का पाइप लग गया, जिन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है।

बता दें कि कथा वाचक बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र शास्त्री चार जुलाई को अपना जन्मदिन बागेश्वर धाम में मनाने वाले हैं। इसको लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ बागेश्वर धाम पहुंची हुई है। आयोजन के लिए बागेश्वर धाम को भव्य रूप से सजाया गया है। एक से तीन जुलाई तक बालाजी का दिव्य दरबार यहां लगाया जा रहा है।

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री अपनी लंबी विदेश यात्रा के बाद लौटे हैं। इसके बाद धाम में बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विदेश से भी लोग पहुंचे हैं। बागेश्वर महाराज को एक जुलाई से 12 जुलाई तक धाम पर ही रहना है। बागेश्वर धाम पर आयोजित हो रहे 12 दिवसीय महोत्सव के शुरूआती तीन दिनों में भारी भीड़ जमा हुई है।

**थाना प्रभारी बोले :** बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष श्रुतिया ने बताया कि घटना सुबह की है। दरबार हॉल के सामने वॉटरप्रूफ टेंट लगा हुआ था और उसमें बहुत ज्यादा पानी भर गया था। तेज हवा और दबाव के चलते टेंट का एक हिस्सा नीचे आ गया। इसमें 8 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 4 गंभीर हैं। 4 को मामूली चोटें आई हैं।

# लखनऊ में डबल मर्डर से सनसनी...दामाद ने सास-ससुर को काट डाला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक युवक ने ससुराल में सास और ससुर को चाकू से काट डाला। बुधवार रात में हुए दोहरे हत्याकांड से सनसनी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी को भी पकड़ लिया गया है। जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, आलमबाग के गढ़ी कनौरा में बुधवार की रात दामाद ने सास और ससुर को चाकू गोदकर मार डाला। आरोपी का उसकी पत्नी से विवाद चल रहा था। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने आरोपी दामाद को गिरफ्तार कर लिया है।

डीसीपी आशीष कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक, गढ़ी कनौरा में डॉ. अनंत राम (75) पत्नी आशा देवी (73) के साथ रहते थे। अनंत राम ने 10 साल पहले बेटी पूनम की शादी निशातगंज पांचवीं गली निवासी जगदीप सिंह से की थी। शादी के बाद से पूनम और जगदीप में विवाद चल रहा था। पूनम इसी वर्ष अप्रैल में मायके आ गई थीं।




**जगदीप ने की पूनम की पिटाई :** बुधवार रात जगदीप ससुराल पहुंचा। पत्नी से बात करने की कोशिश की। आरोपी की हरकतों से परेशान पूनम ने बात करने से मना कर दिया। दोनों के बीच झड़प होने लगी और जगदीप ने पूनम की पिटाई कर दी। अनंत राम और आशा ने जगदीप को रोकने का प्रयास किया तो वह आपे से बाहर हो गया। आरोपी ने चाकू से बुजुर्ग दंपती पर ताबड़तोड़ वार किए। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे। लोगों ने हिम्मत जुटाकर आरोपी को दबोच लिया। पुलिस को सूचना दी गई।

**पूनम की तहरीर पर हत्या का केस :** पुलिस गंभीर रूप से घायल दंपती को अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके से चाकू बरामद कर किया है। डीसीपी ने बताया कि पूनम की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज की गई है।

**हत्या के इरादे से चाकू साथ लाया था दामाद**

छानबीन में सामने आया है कि आरोपी हत्या के इरादे से आया था। वह बैग में चाकू लेकर पहुंचा था। मौके की तलाश में था। कहासुनी बढ़ने पर उसने बैग से चाकू निकालकर हमला बोल दिया। छानबीन में सामने आया है कि आरोपी कोई काम नहीं करता था।

**पति को बचाने में गई आशा की जान :** आरोपी ने सबसे पहले अनंत राम पर चाकू से कई वार किए। पति की चीख सुनकर आशा दौड़ते हुए वहां पहुंचीं। पति को बचाने का पूरा प्रयास किया, लेकिन वह कामयाब नहीं हो सकीं। इस बीच आरोपी ने आशा पर भी चाकू से कई वार कर दिए। पति को बचाते हुए आशा की भी जान चली गई।

**आरपीएफ से सेवानिवृत्त थे अनंत राम, शिक्षिका हैं पूनम :** स्थानीय लोगों के मुताबिक, अनंत राम रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) से सेवानिवृत्त थे। पूनम प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका हैं। आरोपी के हमले में पूनम को भी काफी चोट आई है।

# अयोध्या होते हुए वाराणसी तक चलेगी मेरठ-लखनऊ वंदे भारत

**बरेली।** वाराणसी तक विस्तार की मंजूरी मिलने के आठ माह बाद 28 अगस्त से 22489/22490 मेरठ-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस वाया अयोध्या होते हुए वाराणसी तक चलेगी। उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल ने बुधवार को ट्रेन की संशोधित समय सारिणी जारी करने के साथ इस ट्रेन के वाराणसी तक संचालन की अधिकारिक पुष्टि कर दी है।




मेरठ-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन मार्च 2024 के पहले सप्ताह में शुरू हुआ था। प्रारंभ से ही यह ट्रेन घाटे में चल रही थी। मेरठ, मुरादाबाद और बरेली से लखनऊ के बीच आवागमन के लिए महज 35-40 फीसदी सीटें ही बुक हो रही थीं। ऐसे में दिसंबर 2024 में मेरठ-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस को वाया अयोध्या होते हुए वाराणसी तक विस्तार दिया गया। कई तकनीकी कारणों से ट्रेन का संचालन वाराणसी तक शुरू नहीं हो सका था।

मुरादाबाद मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि मेरठ-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन 28 अगस्त से अयोध्या होते हुए वाराणसी तक किया जाएगा। यह ट्रेन मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलाई जाएगी।

मेरठ-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस की औसत गति 67.75 किमी प्रति घंटा रहेगी। यह ट्रेन मेरठ-वाराणसी के बीच एक ओर से 783 किमी की दूरी औसतन 11 घंटे 55 मिनट में पूरी करेगी। मेरठ-वाराणसी के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, अयोध्या स्टेशनों पर ही ठहराव दिया जाएगा। 22490 मेरठ-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस मेरठ सिटी से सुबह 6:35 बजे चलने के बाद 8.35 बजे मुरादाबाद, 10:04 बजे बरेली आएगी। यहां से चलने के बाद दोपहर 1:45 बजे लखनऊ, 3:53 बजे अयोध्या धाम और शाम 6:25 बजे वाराणसी पहुंचेगी।

# पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में अवैध हथियारों के नेटवर्क पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। इस ऑपरेशन में भारी मात्रा में बने और अधबने हथियारों के साथ कारतूस और नकली भारतीय नोट भी बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई बुधवार रात को डोमकल थाना क्षेत्र के निश्चिंदपुर-दारपारा इलाके में की गई।

डोमकल थाने की पुलिस और जिला पुलिस के विशेष अभियान समूह ने गुप्त सूचना के आधार पर संयुक्त छापेमारी की। पुलिस ने इस दौरान 26 वर्षीय सिराज मंडल नाम के युवक को गिरफ्तार किया, जो उसी इलाके का रहने वाला है। छापेमारी के दौरान सिराज के घर से हथियारों का जखीरा मिला, जिसमें एक राइफल, चार तैयार पाइप गन, 12 अधबनी पाइप गन, ।303 बोर की तीन गोलियां, पाइप गन की नौ गोलियां और एक खाली कारतूस शामिल है।




कारखाने से 40 हजार के नकली भारतीय नोट भी बरामद हुए हैं, जिससे यह संदेह गहरा गया है कि आरोपी न केवल अवैध हथियारों के निर्माण में शामिल था, बल्कि वह बांग्लादेश से नकली नोटों की तस्करी में भी शामिल हो सकता है। पुलिस के अनुसार, कारखाने में हथियार बनाने के लिए उपयोग होने वाले उपकरण भी मिले हैं, जिनमें दो हाइड्रोलिक पाइप, एक ड्रिल मशीन, एक कटिंग मशीन, एक एयर ब्लोअर, दो डाई, कई लोहे के हथौड़े और पाइप, सीटें आदि शामिल हैं। इससे स्पष्ट हैड कि यह अवैध फैक्ट्री लंबे समय से सक्रिय थी। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि फैक्ट्री में मशीनों की आवाज बाहर न जाए, इसके लिए तेज आवाज में संगीत चलाया जाता था।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# अगर ग्रेटर गाजियाबाद बना तो इसका सारा अपयश भाजपा के हिस्से में आएगा : बालेश्वर त्यागी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा पर लगा दिए तमाम सवालिया निशान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कल मुझे एक पत्रकार का फोन आया और उसने कहा कि खोड़ा, लोनी, मुरादनगर को गाजियाबाद नगर निगम में शामिल किए जाने की घोषणा को आप कैसे देखते हैं? इस पर आपका एक इंटरव्यू रिकॉर्ड करना है। मैने उन्हें कहा कि आपका स्वागत है लेकिन मेरा मत इस घोषणा को जन हित में नहीं देखता है। उसने कहा कि आप अपने मत को रखने को स्वतंत्र हैं लेकिन वह पत्रकार फिर आए नहीं।



ग्रेटर गाजियाबाद सुनने में जितना अच्छा लगता है, वास्तव में उतना ही अव्यवहारिक है। इस संबंध में जो नोएडा और ग्रेटर नोएडा का उदाहरण दिया जा रहा है उन्हें अवगत कराना है कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा दो अलग अलग स्वतंत्र प्रशासनिक यूनिट हैं। दोनों में नोएडा नाम के अलावा कुछ भी समानता नहीं है। दोनों शासन द्वारा अलग अलग घोषित प्रशासनिक अथॉरिटी हैं। दोनों के अलग चेयरमैन, सीईओ और प्रशासनिक अधिकारी हैं। नोएडा - ग्रेटर नोएडा और खोड़ा लोनी और मुरादनगर का गाजियाबाद नगर निगम में विलय में कोई समानता नहीं है।

भाजपा को इसका राजनैतिक लाभ के स्थान पर हानि होगी। इस निर्णय से जो भी असंतोष होगा विपक्ष उस असंतोष की खेती करेगा। उसका सारा अपयश भाजपा के हिस्से में ही आएगा। तीनों क्षेत्रों के एक इकाई बनने के बाद स्थानीय निकाय चुनावों समीकरण भाजपा के अनुकूल होंगे ये तो आवश्यक नहीं है। कहीं ये निर्णय भाजपा के लिए वाटर लू न साबित हो जाय। भाजपा को इस निर्णय को लागू करने से पहले इस पर बहस करानी चाहिए। ताकि सारे पक्ष सामने आ सकें।



### 'ये निर्णय गाजियाबाद के विकास की गति को रोकेगा'

करंट क्राइम। खोड़ा पूर्ण रूप से अनियोजित और अनधिकृत कॉलोनी के रूप में बसी है। अभी बहुत कम समय पहले उसे नगर निकाय घोषित किया है। इसलिए वह जनसुविधाओं के पहले पायदान पर भी ठीक से खड़ी नहीं है। लोनी भी उस तरह से विकसित नहीं है। दिल्ली के अति निकट होने के कारण बड़ी संख्या में कम साधन वाले लोगों ने अनधिकृत कॉलोनियों में छोटे छोटे आवास बनाए हैं। जिनमें नागरिक सुविधाओं का अभाव है। उसे भी नगर पालिका का दर्जा अभी पिछले दिनों ही मिला है। ऐसे ही मुरादनगर भी कोई नगर नियोजन के अनुसार विकसित शहर नहीं है। बड़ी संख्या में आसपास के गांवों में अनधिकृत कॉलोनियों में बसा है। गाजियाबाद बहुत पुराना शहर है। पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए लोगों के प्रयासों से ये शहर कानपुर के बाद उद्योग की नगरी के रूप में जाना गया। 1991 में शासन परिवर्तन के साथ गाजियाबाद के विकास को पंख लगे। गाजियाबाद कस्बे से महानगर और अपराध की नगरी से शिक्षा के हब के रूप में विकसित हुआ। नोएडा के विकसित होने से पहले गाजियाबाद सेवानिवृति के बाद बसने की चाह रखने वालों की पहली पसंद बन गया था। एक तरह से ये निर्णय गाजियाबाद के विकास की गति को रोकने का काम करेगा। शासन की पहली प्राथमिकता जहां सुविधाएं नहीं हैं, पहले उन्हें सुविधा देने की रहती है। इस प्रयास में गाजियाबाद के अपने साधनों का उपयोग भी अपने लिए नहीं हो सकेगा।

### 'प्रशासनिक दृष्टि से खराब निर्णय'

करंट क्राइम। पहले तो ये प्रशासनिक दृष्टि से खराब निर्णय है। जब सारे देश में प्रशासनिक दक्षता के लिए छोटी प्रशासनिक यूनिट की मांग की जा रही है। भाजपा ने भी सिद्धांत रूप में प्रशासनिक दक्षता के लिए छोटे प्रदेशों को सिद्धान्ततः स्वीकार किया है। इसी क्रम में नए जिले, नई तहसील बनाई जा रही हैं। उनके प्रभावी प्रशासन के संचालन के लिए उनकी प्रशासन चलाने वाली मशीनरी वहीं स्थापित की जा रही है। दूसरी ओर चार अलग अलग नगर निकाय है नगर निगम गाजियाबाद, नगरपालिका परिषद खोड़ा, नगर पालिका परिषद लोनी और नगर पालिका परिषद मुरादनगर के स्वतंत्र अस्तित्व को समाप्त करके एक प्रशासनिक यूनिट नगर निगम गाजियाबाद में विलय करने का निर्णय किसी भी दृष्टि से उचित प्रतीत नहीं होता है। चारों नगर निकाय अलग हैं, चारों में कोई भी भौगोलिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, आर्थिक या विकास के मानक पर समानता नहीं है। गाजियाबाद का बड़ा हिस्सा नगर नियोजन के आधार पर विकसित है। प्रधान मंत्री जी के स्मार्ट सिटी के सुंदर सपने को गाजियाबाद के निवासी अपनी आंखों में संजोए बैठे हैं।




### 'लोनी, खोड़ा और गाजियाबाद के निवासियों के लिए बढ़ जाएंगी परेशानियां'

करंट क्राइम। अपने अपने क्षेत्रों के अलग अलग मेयर / नगर पालिका अध्यक्ष होने का अधिकार समाप्त हो जाएगा। चार लोगों को जनप्रतिनिधि होने और अपने अपने क्षेत्रों के विकास के प्रयासों पर अंकुश लग जाएगा। जो उन क्षेत्रों में बड़े असंतोष का कारण बनेगा। परस्पर सहजता सामंजस्य और स्नेह के स्थान पर प्रतिद्वंदिता और खींचतान बढ़ेगी। अलग अलग छोटी यूनिटों को समाप्त करके एक बड़ी यूनिट बनाना, चार जनप्रतिनिधियों के अधिकारों को समाप्त करके एक को देना बड़ा केंद्रीकरण का निर्णय होगा जो धारा के विपरीत है। लोकतंत्र में एकाधिकार को बढ़ावा देना किसी भी दृष्टि से श्रेय कर नहीं होगा। परिणाम स्वरूप प्रशासन निष्प्रभावी हो जाएगा। दूसरे अपने सीवर सफाई, झाड़ू लगवाने, नाली साफ कराने, सड़क की मरम्मत जैसे छोटे छोटे कामों के लिए खोड़ा, लोनी और मुरादनगर के लोगों को गाजियाबाद दौड़कर आना एक बड़ी समस्या हो जाएगी। आज भी गाजियाबाद में जिन लोगों को सीवर साफ कराने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती है। क्योंकि इनके ठेके लखनऊ में छूटते हैं और वे कई बार स्थानीय प्रशासन को भी कुछ नहीं समझते हैं। मुझे याद है एक बार मेरे घर का सीवर साफ करने का अधिकारी के आदेश पर एक पेटी ठेकेदार सबको गाली निकाल रहा था। जब नई जोड़ी जाने वाली नगर निकायों पर गाजियाबाद जैसा संपत्तिकर लगेगा तब उन क्षेत्रों में असंतोष भड़कना स्वाभाविक है।

# जनरल वीके सिंह ने बताया, क्यों कहा जाता था ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान को 'नौशेरा के शेर'





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान साहस, बलिदान, और अटूट देशभक्ति की जीवंत मिसाल थे। 1947 में भारत के विभाजन के समय, उन्हें पाकिस्तान की सेना में उच्च पद की पेशकश की गई। लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया और कहा : मैं अपने वतन से गद्दारी नहीं कर सकता। उन्होंने व्यक्तिगत लाभ को ठुकराकर भारत के प्रति अपनी निष्ठा को चुना। 1947-48 के भारत-पाक युद्ध में उन्होंने नौशेरा की लड़ाई में भारतीय सैनिकों का नेतृत्व किया। बार-बार के हमलों के बावजूद और संख्या में कम होने के बावजूद, उन्होंने अपने सैनिकों को अडिग संकल्प के साथ मोर्चा संभाले रखने के लिए प्रेरित किया। उनकी वीरता के लिए उन्हें यह उपाधि दी गई 'नौशेरा के शेर'।

3 जुलाई 1948 को, ब्रिगेडियर उस्मान शहीद हो गए, उस मिट्टी की रक्षा करते हुए, जिसे उन्होंने कभी न छोड़ने की कसम खाई थी। वे उस युद्ध में शहीद होने वाले सबसे उच्च पदस्थ भारतीय सैन्य अधिकारी थे। उनकी असाधारण वीरता के लिए उन्हें मरणोपरांत महा वीर चक्र से सम्मानित किया गया – भारत का दूसरा सबसे बड़ा युद्धकालीन वीरता पुरस्कार।

# कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ और डीएम दीपक मीणा ने अधिकारियों के साथ की बैठक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस लाइन में परमजीत हॉल में गुरुवार को पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़, डीएम दीपक मीणा ने सभी अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में अपर पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी, कल्पना सक्सेना, सभी डीसीपी, एडिशनल डीसीपी व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान गाजियाबाद क्षेत्र में कांवड़ यात्रा मार्ग पर ड्यूटी पर तैनात सभी डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी द्वारा अपने- अपने क्षेत्रों में कांवड़ यात्रियों व जनता को होने वाली समस्याओं, सुरक्षा एवं असुविधाओं से अवगत कराया गया।

### लाइट व पानी की पर्याप्त व्यवस्था रहे

डीएम दीपक मीणा ने कहा कुछ जगह सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त कराने, जलभराव होने वाले क्षेत्रों में जल निकासी की व्यवस्था करवाने, कई जगह पर पहले की अपेक्षा अतिरिक्त मोबाईल टॉयलेट लगवाने, अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था बढ़ाने, विशेष जगहों पर सुरक्षा की दृष्टि से ट्रांसफार्मरों की कवरिंग रहे।

बिजली के तार यदि कहीं लटके हुए है तो उन्हें ऊंचा किया जाए। दुर्घटनाग्रस्त स्थलों के दृष्टिगत नई जगहों पर एम्बुलेंस की व्यवस्था करवाने, बैरिकेडिंग को आवश्यकतानुसार मजबूत लगवाने, कांवड़ मार्ग से नशे की दुकानें हटवाने, मीट शॉप हटवाने, सीसीटीवी लगवाने, गुलर के वृक्ष हटवाने जिससे कांवड़ यात्रियों को समस्या ना हो। झाड़ियां साफ करवाने, पब्लिक एड्रेसिंग सिस्टम की गुणवत्ता की जांच करते हुए लगवाने, गंग नहर में सुरक्षा एवं सावधानी की दृष्टि से मजबूत बैरिकेडिंग की जाए। कांवड़ मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्यों को पूरा किया जाए। कांवड़ यात्रा के दौरान सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए। इस दौरान पीडब्लूडी, जल निगम, विद्युत विभाग, संबंधित अधिशासी अभियंताओं, स्वास्थ्य विभाग, जिला पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका अधिकारियों ने कहा कि 11 जुलाई से पूर्व ही सभी कार्यों को पूर्ण कर लिया जायेगा।

### ड्यूटी से गायब मिले तो सीधे निलंबन



पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने बताया कि कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण सकुशल सम्पन्न करायेंगे। कांवड़ यात्रा के दौरान रात्रि के समय हर वाहन चालक की एल्कोमीटर टेस्ट करें, जिससे कि कोई दुर्घटना ना होने पाएं। ड्यूटी के दौरान किसी पुलिसकर्मी ने दुर्व्यवहार किया तो ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। जब तक आपका कोई रिप्लेसमेंट नहीं आता तब तक आप अपनी ड्यूटी पर बने रहें। कांवड़ मार्ग पर कोई भी मीट की दुकान न खुली मिले, यदि कोई भी मीट की दुकान खुली मिली तो थाना प्रभारी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### शिविर लगने से पहले जगह की जांच की जाए

डीएम दीपक मीणा ने कहा कि शिवर एक तरफ ही लगे, और सड़क से हटकर लगाया जाए। शिविर के आसपास बिजली के पोल्स, बिजली के तार की पहले से जांच कर लें। सभी कार्यों और व्यवस्थाओं को पहले से ही पूर्ण कर लें। कांवड़ मार्ग को गड्ढामुक्त बनाते हुए विद्युत व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, सफाई व्यवस्था का कार्य पूर्ण करते हुए कांवड़ मार्ग को सुन्दर बनायें। उ्न्ह ने सीएमओ को निर्देश दिए हैं कि चिकित्सा व्यवस्था की वह खुद मॉनिटरिंग करें।



# बुढ़ाना में दिखा पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप का गजब का रोल

## इधर हुई उनकी गांव में एंट्री और उधर बज गए स्वागत के ढोल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप राजनीति के उन चेहरों में हैं जो हमेशा एक्टिव रहते हैं। उन्होंने अपनी सियासी जमीन खुद तैयार की है और एमएलसी रहते हुए उन्होंने अपने समाज के लिये काम किया। विकास के कार्य कराए और महर्षि कश्यप की मूर्तियां कई स्थानों पर लगाई। वो भाजपा में आए और भाजपा आने के बाद उन्हें वो स्थान नहीं मिला जिसके लिये वो जाने जाते हैं। सुरेश कश्यप एक ऐसे नेता हैं जो हमेशा जनता के बीच रहते हैं। एमएलसी रहते हुए उन्होंने अपनी निधि से विकास के कई कार्य कराए, लेकिन उनके समर्थकों से लेकर खुद भाजपा में कई चेहरे ये मानते हैं कि सियासत के इस चेहरे को वो माइलेज नहीं मिला जो मिलना चाहिए था।



वहीं सुरेश कश्यप उन खिलाड़ियों में जो कभी हार नहीं मानते। वो अपनी सियासी जमीन तैयार कर रहे हैं और कहा ये जाता है कि वो बुढ़ाना क्षेत्र में अपनी चुनावी जमीन तैयार कर रहे हैं। यहां लोग उन्हें जानने लगे हैं और जब वो बुढ़ाना के मोहम्मदपुर गांव में पहुंचे तो यहां उनकी टीआरपी का जलवा दिखाई दिया। एक नेता को जो चाहिए था वो सब कुछ उन्हें मिल रहा है। जब वो बुढ़ाना में पहुंचे तो यहां लोगों ने उनके स्वागत के लिये पहले से ही माला और ढोल मंगाकर रखे थे। सुरेश कश्यप की एंट्री होते ही लोगों ने उनके गले में माला पहनाई और फिर ढोल बजने लगा। ढोल की थाप के साथ समर्थक उन्हें गांव में ले गए। यहां जिस तरह से पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप को रेस्पांस मिल रहा है वो बता रहा है कि वो यहां जनता के बीच एक्टिव हैं। इसमें कोई राय नहीं है कि पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप ने यहां अपने लिये एक सियासी जमीन तैयार की है और इस जमीन पर वो चुनावी फसल भी तैयार कर रहे हैं। नेता क्षेत्र में घूमे और ढोल-माला के साथ पब्लिक हो तो फिर इसे पॉलिटिक्स सुखद संदेश माना जाता है। बुढ़ाना में पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप अपने इसी अंदाज में नजर आए।

## संपादकीय

# लड़ाई पर मिला साथ

पहलगाम आतंकी हमले पर के सदस्य देशों का संयुक्त बयान भारत की आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकजुटता की कोशिशों को मजबूती देता है। शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन के सम्मेलन में जो हुआ था, उसे देखते हुए यह बयान भारत के लिए कूटनीतिक जीत है और पाकिस्तान के लिए झटका। सफल रहा भारत ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान के विदेश मंत्रियों की यह पहली बैठक थी। मीटिंग के पहले भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने उम्मीद जताई थी कि आतंकवाद को लेकर भारत के रुख को सदस्य देश समझेंगे। उन्होंने दुनिया से आतंकवाद को लेकर जीरो टॉलरेंस की अपील की थी। संयुक्त बयान इसी भावना को दर्शाता है।

पाकिस्तान पर दबाव के साझा बयान में भले ही पाकिस्तान का नाम न हो, लेकिन सीधा संदेश उसी के लिए है। भारत पहले ही सारे सबूत सामने रख चुका है, जो बताते हैं कि पहलगाम के पीछे पाकिस्तान का हाथ था – वहीं साजिश रची गई और वहीं से आतंकी आए। अब बयान में साजिशकर्ताओं, हमलावरों और फंडिंग करने वालों को सजा दिलाने की मांग की गई है – साथ ही संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से आह्वान किया गया है कि वे जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत मिलकर काम करें। यानी, भी मान रहा है कि पहलगाम की साजिश विदेशी जमीन पर रची गई और इससे भारत का पक्ष मजबूत होता है।

अमेरिकी रुख यह बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि इस मंच का एक सदस्य देश अमेरिका है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान और बाद में भी वॉशिंगटन ने मामले को जिस तरह लिया था, उससे भारत में सही संदेश नहीं गया। ट्रंप प्रशासन ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद को एक तराजू में रखकर बात की थी, जबकि भारत का साफ कहना है कि आतंकवाद के प्रायोजक और पीड़ित को एक नजर से नहीं देखा जाना चाहिए। चूंकि बयान में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की भी सहमति है, तो माना जा सकता है कि शायद अमेरिका का रुख अब बदला हो।

रउड का जवाब कुछ दिनों पहले हुई शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन की मीटिंग में संयुक्त बयान जारी नहीं हो सका था। भारत का प्रस्ताव था कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले को संयुक्त बयान में शामिल किया जाए, तब चीन और पाकिस्तान ने मिलकर इसका विरोध किया। लेकिन, चीन हर जगह पाकिस्तान को नहीं बचा सकता। द४ंकी वजह से उस पर पहले ही दबाव है, जो अब और बढ़ेगा।

# रेपो रेट में कटौती के बावजूद धीमी पड़ी बैंकिंग ग्रोथ, कर्ज और जमा दोनों में सुस्ती

**नई दिल्ली।** केयरएज की रिपोर्ट के अनुसार फरवरी 2025 से अब तक ब्याज दरों में 100 आधार अंकों की कटौती के बावजूद ऋण उठाव और जमा वृद्धि की रफ्तार धीमी हो गई। वहीं, जमा वृद्धि ऋण उठाव से अधिक बनी हुई है। ऋण उठाव में 9.6 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई लेकिन यह पिछले वर्ष की 15.5 प्रतिशत की दर की तुलना में काफी कम है। भारतीय रिजर्व बैंक की ब्याज दरों में कटौती से ऋण उठाव और जमा वृद्धि की रफ्तार धीमी हो गई है। ऋण उठाव का मतलब है बैंकों द्वारा लोगों, कंपनियों या सरकार को दिए गए कुल ऋण की मात्रा में वृद्धि। केयरएज की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।





### सरकार निवेश में हुई 7.4 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि

रिपोर्ट में बताया गया कि कुल सरकारी निवेश 66.9 लाख करोड़ रुपये है, जो वर्ष दर वर्ष 7.4 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है, लेकिन यह पिछली अवधि की तुलना में 0.2 प्रतिशत कम है। 13 जून, 2025 को समाप्त पखवाड़े में क्रेडिट-टू-टोटल एसेट रेशियो में मामूली गिरावट देखी गई। यह घटकर 69.4 प्रतिशत हो गया, जबकि गवर्नमेंट इनवेस्टमेंट-टू-टोटल एसेट रेशियो भी घटकर 25.3 प्रतिशत पर आ गया।

### जमा वृद्धि है ऋण उठाव से अधिक

केंद्रीय बैंक ने फरवरी 2025 से अब तक रेपो रेट में 100 आधार अंकों की कटौती की है। रिपोर्ट के अनुसार मौजूदा पखवाड़े में ब्याज दरें घटाने के बावजूद जमा वृद्धि कर्ज वितरण से अधिक बनी हुई है। इसमें कहा गया कि जमाराशि में 0.44 प्रतिशत की गिरावट आई है। यह 13 जून, 2025 तक 230.7 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई। पिछले साल इसी अवधि में (विलय प्रभाव को छोड़कर) जमा वृद्धि दर 12.1 प्रतिशत थी। यह गिरावट मुख्य रूप से बैंकों की अपनी वित्तपोषण जरूरतों को पूरा करने के लिए जमा प्रमाणपत्रों पर निर्भरता बढ़ाने और जमा वृद्धि में मंदी के कारण हुई क्योंकि थोक जमा क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है।

---

### डब्लूएसीएआर में आई गिरावट

केयरएज ने बताया कि शॉर्ट-टर्म वेटेड एवरेज कॉल रेट 20 जून, 2025 घटकर 5.27 प्रतिशत हो गई। यह एक साल पहले 21 जून, 2024 को 6.68 प्रतिशत थी। यह गिरावट लगातार तीन बार ब्याज दरों में कटौती और तरलता प्रवाह बढ़ाने की वजह से दर्ज की गई है। हअउफबैंकों के बीच बहुत कम समय के लिए बिना किसी गारंटी पर उधार दिए गए पैसों पर लगने वाली औसत ब्याज दर, जिसे वेट देकर यानी उस लेन-देन की मात्रा को ध्यान में रखते हुए निकाला जाता है।

# यूएस-वियतनाम व्यापार समझौते से सबक ले सकता है भारत

**नई दिल्ली।** साल 2000 में हुए व्यापार समझौते के बाद वियतनाम के उत्पादों की अमेरिका में आवक काफी बढ़ गई और एक समय जो वियतनाम का निर्यात सिर्फ 80 करोड़ डॉलर था, वह बढ़कर 135 अरब डॉलर हो गया।

हाल ही में अमेरिका और वियतनाम के बीच व्यापार समझौता हुआ है। इस व्यापार समझौते से भारत कई सबक सीख सकता है। खासकर भारतीय निर्यातकों पर इसका गहरा असर हो सकता है। भारत, वियतनाम को निर्यात के मामले में प्रतिद्वंदी और क्षेत्रीय सहयोगी दोनों मानता है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) की रिपोर्ट में यह बताया गया है।

विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका का यह कदम विश्व व्यापार संगठन के नियमों के खिलाफ है। जीटीआरआई ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत अंतिम चरण में है। ऐसे में भारत की तरफ से बातचीत कर



रहे लोगों को सलाह है कि वे वियतनाम के अनुभव से सीखें और पुरानी छूट को वापस लेने, टैरिफ लगाने और सामान के उत्पादन की जगह को लेकर अस्पष्ट नियमों पर अमेरिका के साथ स्पष्ट बातचीत करें।

### साल 2000 में हुए समझौते में अमेरिका ने वियतनाम को दी थीं कई छूट

रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिका और वियतनाम में जब साल 2000 में व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे, जिसके बाद वियतनाम के उत्पाद अमेरिका में सिर्फ 2 से 10 प्रतिशत टैरिफ पर आने लगे। अब ट्रंप प्रशासन ने नई डील में वियतनामी उत्पादों के अमेरिका में आने पर 20 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का फैसला किया है। अमेरिका के इस कदम से वियतनाम का निर्यात बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है। जीटीआरआई ने कहा कि भारतीय निर्यातकों को भी इससे सबक लेना चाहिए।

### नए समझौते से वियतनाम के निर्यात पर पड़ेगा विपरीत असर

साल 2000 में हुए व्यापार समझौते के बाद वियतनाम के उत्पादों की अमेरिका में आवक काफी बढ़ गई और एक समय जो वियतनाम का निर्यात सिर्फ 80 करोड़ डॉलर था, वह बढ़कर 135 अरब डॉलर हो गया। विशेषज्ञों का दावा है कि नए टैरिफ के बाद वियतनाम की यह बढ़त खत्म हो सकती है और इससे वियतनाम का निर्यात सेक्टर बुरी तरह से प्रभावित होगा। इतना ही नहीं वियतनाम होकर अमेरिका आने वाले चीनी सामान पर 40 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया गया है।

# सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर नए कारोबार में तेजी के कारण जून में 10 महीने के उच्च स्तर पर, पीएमआई से पुष्टि



**नई दिल्ली।** मांग के सकारात्मक रुझान और बिक्री में जारी सुधार के बीच अंतरराष्ट्रीय बिक्री और रोजगार सृजन में मजबूत विस्तार होने से जून में भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर दस महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। पीएमआई के आंकड़ों में इसकी पुष्टि होती है। मांग के सकारात्मक रुझान और बिक्री में जारी सुधार के बीच अंतरराष्ट्रीय बिक्री और रोजगार सृजन में मजबूत विस्तार होने से जून में भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 10 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। एक मासिक सर्वेक्षण में गुरुवार को इसकी पुष्टि की गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स मई में 58.8 से बढ़कर जून में 60.4 हो गया, जो नए व्यावसायिक ऑर्डरों में तीव्र वृद्धि के कारण हुआ।

क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दशार्ता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दशार्ता है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, सेवा पीएमआई व्यवसाय गतिविधि सूचकांक दस महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जिसका कारण नए घरेलू ऑर्डरों में तीव्र वृद्धि थी। नए निर्यात ऑर्डरों में भी वृद्धि हुई, यद्यपि धीमी गति से। मार्जिन में सुधार हुआ, क्योंकि इनपुट लागत में वृद्धि आउटपुट शुल्कों के मुकाबले कम थी।

आंकड़ों के अनुसार अगस्त 2024 के बाद से नए ऑर्डरों में सबसे तेज वृद्धि हुई। सेवा कंपनियों को घरेलू बाजार की निरंतर मजबूती से सबसे अधिक लाभ हुआ। साथ ही नए निर्यात कारोबार में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई। पैनल के सदस्यों के अनुसार, विदेशी मांग में विशेष रूप से एशियाई, मध्य पूर्वी और अमेरिकी बाजारों से सुधार हुआ है।

भारतीय सेवा क्षेत्र के निरंतर विस्तार का भर्ती पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। जून में लगातार 37वें महीने रोजगार में वृद्धि हुई। मई के रिकॉर्ड से धीमी होने के बावजूद रोजगार वृद्धि की दर अपने दीर्घकालिक औसत से आगे निकल गई।

# उतार-चढ़ाव के बाद गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 170 अंक टूटा



**नई दिल्ली।** गुरुवार को शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 170.22 अंक गिरकर 83,239.47 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 48.10 अंक गिरकर 25,405.30 अंक पर आ गया। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को उतार-चढाव के बाद भारतीय बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 170.22 अंक या 0.20 प्रतिशत गिरकर 83,239.47 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 48.10 अंक या 0.19 प्रतिशत गिरकर 25,405.30 अंक पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 31 पैसे बढ़कर 85.31 (अनंतिम) पर बंद हुआ।

## रोचक तथ्यों का करंट

- विलियम हावर्ड टाफ्ट फिलीपींस के अमेरिकी गवर्नर बन गए थे।
- अफ्रीकी-अमेरिकी मुक्केबाज जैक जॉनसन ने हेवीवेट मुक्केबाजी मैच में व्हाइट बॉक्सर जिम जेफरीज को हराया था।
- उत्तरपूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका में भारी गर्मी की लहर ने 11 दिनों में 380 लोगों की हत्या कर दी थी।
- राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने 1913 के महान पुनर्मिलन में अमेरिकी गृह युद्ध के दिग्गजों को संबोधित किया था।
- मेहम वी की मृत्यु 73 वर्ष की आयु में हुई और तुर्क सुल्तान मेहमद छठी सिंहासन पर चढ़ गई थी।
- लॉकहीड वेगा ने अपनी पहली उड़ान भरी थी।
- लियो स्विसर्ड श्रृंखला-प्रतिक्रिया डिजाइन पेटेंट करता है जिसे बाद में परमाणु बम में उपयोग किया जाएगा।
- कुर्स्क की लड़ाई, इतिहास में सबसे बड़ी पूर्ण पैमाने पर लड़ाई और दुनिया की सबसे बड़ी टैंक लड़ाई, प्रोखोरोव्का गांव में शुरू हुई थी।
- शीत युद्ध का रेडियो फ्री यूरोप का पहला प्रसारण हुआ था।
- विलियम शॉकली ने जंक्शन ट्रांजिस्टर के आविष्कार की घोषणा की थी।

## राशिफल

**मेष:** सरकारी नौकरी मिलने की प्रबल संभावना है। मनोकामना पूर्ति का समय चल रहा है, चौतरफा लाभ होगा, धन के क्षेत्र में वृद्धि योग बन रही है।

**वृष:** आपको अपने प्रयासों में सफलता मिलेगी। लेखन कार्य से आर्थिक लाभ होगा। मेहनत रंग लाने की संभावना है। आध्यात्मिक विकास का योग बनना।

**मिथुन:** अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आपको अपने प्रयासों में सफलता मिलने की अधिक संभावना है। परिवार को नए मेहमान मिलने की उम्मीद है। पत्नी को सुख मिलेगा।

**कर्क:** आज अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं, योग बड़ी सफलता के योग बन रहा है. छात्रों और उनके करियर के लिए अच्छा समय है।

**सिंह:** नए व्यापार में लाभ होगा, व्यापार में लाभ होगा। साहित्य जगत के लिए साहित्य जगत से आमदनी का जरिया मिलेगा, दरबार से लाभ होगा।

**कन्या:** लेखन और साहित्य के क्षेत्र में आपको लाभ होगा, मान-सम्मान मिलने की संभावना है. जमीन और संपत्ति खरीदने का सबसे अच्छा समय है।

**तुला:** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। नौकरी में लाभ मिलेगा। आयात और निर्यात का योग बन रहा है। परिवार में गुड लक। आपको अचानक किसी स्रोत से धन की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक:** धन मिलने की संभावना है। अच्छे कामों से मन में प्रसन्नता और भाई-बहनों का सुख प्राप्त होगा। नई नौकरियां और नए उद्योग स्थापित होने की संभावना है।

**धनु:** आज अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। संपादन और संपादन के कार्य से आपको लाभ होगा। विदेश यात्रा योग बनता जा रहा है। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर:** क्रोधित और झटपट निर्णय लेने से बचें, चोट लग सकती है। व्यापार के नए अवसर मिलेंगे, अच्छे कार्य के अवसर मिलेंगे, भूमि और वाहन खरीदने की संभावनाए।

**कुंभ:** परिवार में अच्छे कार्यों की संभावना है। भाई-बहनों के लिए रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। भाई-बहन के सुख में वृद्धि की संभावना है। व्यापार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

**मीन:** अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें। भावेश में कोई काम न करें, नुकसान हो सकता है। वाणी से धन मिलने की संभावना है। समय का सदुपयोग करें।

## चुटकुले

एक मच्छर परेशान बैठा था।
दूसरे ने पूछा – भाई क्या हुआ तुझे?
पहला बोला – यार गजब हो रहा है।
चूहेदानी में चूहा, साबुनदानी में साबुन, मगर मच्छरदानी में आदमी सो रहा है।

---

पत्नी – आप मुझे बार-बार सोरी मत बोला करो ...!
पति – क्यों?
पत्नी – क्योंकि मेरा लड़ने का सारा मूड ही खराब हो जाता है ... !!!

---

एक शराबी आँखे दान करने गया!!
काउंटर क्लर्क ने पूछा कुछ कहना चाहते हो?? शराबी – हाँ, जिसे भी लगाओ, उसे बता देना 2 घूँट लेने के बाद ही खुलती है!!

---

पत्नी: सुनिए, आपको मेरी कौन सी बात सबसे अच्छी लगती है?
पति: तुम गुस्सा नहीं करती, झगड़ा नहीं करती, शक भी नहीं करती...
पत्नी (खुश होकर): सच में?
पति: हाँ, जब तुम सो रही होती हो!





प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी


संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# दोहरा शतक लगाकर गिल ने हासिल की बड़ी उपलब्धि



इंग्लैंड में एक पारी में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय

| बल्लेबाज | रन | जगह | साल |
|---|---|---|---|
| शुभमन गिल | 257* | एजबेस्टन | 2025 |
| सुनील गावस्कर | 221 | द ओवल | 1979 |
| राहुल द्रविड़ | 219 | द ओवल | 2002 |

**नई दिल्ली।** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन दोहरा शतक लगाकर धमाल मचा दिया। उन्होंने बतौर कप्तान अपने करियर के दूसरे ही टेस्ट मैच में दोहरा शतक लगाकर इतिहास रच दिया। वह पहले भारतीय कप्तान बन गए जिन्होंने इंग्लैंड में दोहरा शतक लगाया है।

### तिलकरत्ने दिलशान को पीछे छोड़ा

इंग्लैंड में शतक लगाकर गिल ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह रएठअ देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में दोहरा शतक लगाने वाले पहले एशियाई कप्तान बन गए। इसके अलावा वह सेना देशों में सर्वोच्च स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए। उन्होंने इस मामले में श्रीलंका के पूर्व बल्लेबाज तिलकरत्ने दिलशान को पीछे छोड़ दिया। गिल से पहले दिलशान के नाम इन देशों में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज था। उन्होंने 2011 में लॉर्ड्स में 193 रन बनाए थे।

गिल दोहरा शतक लगाने वाले भारतीय टेस्ट कप्तानों की सूची में शामिल हो गए हैं। कोहली ने कप्तान रहते सात बार टेस्ट में दोहरा शतक लगाया है, जबकि मंसूर अली खान पटौदी, गावस्कर, सचिन, महेंद्र सिंह धोनी और गिल ने कप्तान रहते एक-एक बार दोहरा शतक लगाया है। गिल कोहली के बाद दूसरे भारतीय कप्तान हैं जिन्होंने विदेश में टेस्ट में दोहरा शतक लगाया है।

### गावस्कर को पीछे छोड़ा

गिल ने अपनी शानदार पारी के दम पर एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली है। गिल इंग्लैंड में एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में दिग्गज भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर को पीछे छोड़ दिया है। गावस्कर ने 1979 में द ओवल में खेले गए मैच में 221 रन बनाए थे। गिल 222 रन बनाते ही उन्हें पीछे छोड़ने में सफल रहे। 2002 में द ओवल में ही राहुल द्रविड़ ने 219 रन बनाए थे।



# श्रीकांत कनाडा ओपन के दूसरे दौर में, यूएस ओपन जीतने वाले आयुष को मिली हार



**नई दिल्ली।** भारत के किदाम्बी श्रीकांत ने बुधवार को कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूनार्मेंट में हमवतन प्रियांशु राजावत को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में हराकर पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन युवा आयुष शेट्टी हारकर बाहर हो गए।

विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने पहले दौर के मैच में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 53 मिनट में राजावत पर 18-21, 21-19, 21-14 से जीत दर्ज की। श्रीकांत मई में मलयेशिया मास्टर्स में उप विजेता रहे थे। वहीं दूसरे मैच में शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन ने शेट्टी को 23-21, 21-12 से हराया।

# लोनेटो विश्व कप में हिस्सा लेंगे भारत के शॉटगन निशानेबाज, बाजवा-मैराज भी होंगे शामिल



**नई दिल्ली।** भारत के शॉटगन निशानेबाज लोनेटो विश्व कप में हिस्सा लेंगे। ओलंपियन अंगद वीर सिंह बाजवा, लक्ष्य श्योराण और मैराज अहमद खान जैसे अनुभवी निशानेबाज भी इसमें शामिल होंगे। भारतीय दल रविवार को बाजवा, श्योराण और मैराज की अगुआई में शॉटगन विश्व कप में हिस्सा लेंगे। शनिवार को अभ्यास के दिन के बाद स्कीट निशानेबाज पुरुष और महिला वर्गों में क्वालिफाइंग दौर में सबसे पहले निशाना लगाएंगे। इस स्पर्धा का फाइनल मंगलवार को होगा।

### 550 से अधिक निशानेबाज होंगे शामिल

बाजवा, अनंतजीत सिंह नरुका और मैराज पुरुष स्कीट स्पर्धा में भाग लेंगे, जबकि महिला वर्ग में ओलंपियन माहेश्वरी चौहान और रेजा ढिल्लों के साथ गनीमत सेखों चुनौती पेश करेंगी। एशियाई खेलों के पूर्व रजत पदक विजेता लक्ष्य, जसविंदर सिंह और जोरावर संधू पुरुष ट्रैप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में नीरू ढांडा, प्रीति रजक और प्रगति दुबे निशाना साधेंगी। मिश्रित टीम ट्रैप में लक्ष्य नीरू के साथ जोड़ी बनाएंगे जबकि संधू और प्रीति की जोड़ी होगी। प्रतियोगिता में 73 देशों के 551 निशानेबाज हिस्सा लेंगे।

# आईसीसी रैंकिंग में एक पायदान फिसलीं रेणुका सिंह ठाकुर, चोट के कारण अंतरराष्ट्रीय मैचों से दूर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा महिला टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में हिमाचल की स्टार गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर एक पायदान नीचे खिसक गई हैं। पहले वह टी-20 फॉर्मेट में विश्व की टॉप टेन गेंदबाजों में पांचवें स्थान पर थीं, लेकिन अब वह छठे पायदान पर पहुंच गई हैं।

क्रिकेट में रैंकिंग में उतार-चढ़ाव आम बात है। इससे पहले भी रेणुका सिंह चौथे स्थान तक पहुंच चुकी हैं। महिला आईपीएल के बाद से रेणुका ने कोई भी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला नहीं खेला है। वह पीठ दर्द के चलते राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए), बंगलूरू में इलाज करवा रही हैं। इसी वजह से मार्च के बाद से वे कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेल पाई हैं। इसके चलते उनकी रैंकिंग में गिरावट आई है।



टी-20 फॉर्मेट में रेणुका सिंह ठाकुर ने अब तक 54 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 58 विकेट लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 15 रन देकर 5 विकेट रहा है। वहीं वनडे फॉर्मेट में उन्होंने 19 मैचों में 35 विकेट झटके हैं। रेणुका सिंह जल्द ही भारत में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए भारतीय टीम में वापसी कर सकती हैं, ऐसी संभावनाएं जताई जा रही हैं।

# एशिया कप में हिस्सा लेने से पाकिस्तान हॉकी टीम को नहीं रोकेगा भारत, राजगीर में होना है आयोजन



**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच पिछले कुछ महीनों से चल रहे तनाव के बीच खेल मंत्रालय के सूत्रों ने स्पष्ट किया है कि वह पाकिस्तान हॉकी टीम को अगले महीने भारत में होने वाले एशिया कप में शामिल होने से नहीं रोकेंगे। खेल मंत्रालय के सूत्र ने गुरुवार को न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से बताया कि वे बहु-राष्ट्रीय टूनार्मेंट में किसी टीम के शामिल होने के विरुद्ध नहीं हैं।

### 27 अगस्त से शुरू होगा टूनार्मेंट

हॉकी एशिया कप का आयोजन 27 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में होना है। खेल मंत्रालय के सूत्र ने कहा, हम भारत में होने वाले बहु-राष्ट्रीय टूनार्मेंट में किसी टीम के शामिल होने खिलाफ नहीं हैं, लेकिन द्विपक्षीय सीरीज अलग बात है। अंतरराष्ट्रीय खेल की मांग होती है कि हम किसी को टूनार्मेंट से बाहर नहीं कर सकते। रूस और यूक्रेन के बीच जंग चल रही है, लेकिन वे बहु-राष्ट्रीय टूनार्मेंट में खेलते हैं।

यह पूछे जाने पर कि अगर सितंबर में पुरुष एशिया कप का आयोजन होता है तो क्या भारत को पाकिस्तान के साथ खेलने की मंजूरी मिलेगी? इस पर खेल मंत्रालय के सूत्र ने कहा, बीसीसीआई ने अब तक इस मामले को लेकर संपर्क नहीं किया है। जब वे हमसे इस बारे में पूछेंगे तो हम देखेंगे क्या करना है।

खेल मंत्रालय के सूत्र ने कहा, 'अगर हम उन्हें खेलने की अनुमति नहीं देते हैं तो यह ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन होगा। इसलिए गृह और विदेश मंत्रालय से विमर्श के बाद खेल मंत्रालय ने अनुमति देने का फैसला किया है।'

ऑपरेशन सिंदूर के कारण अगले महीने एशिया कप हॉकी टूनार्मेंट में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर संदेह था। हॉकी एशिया कप में भारत सहित आठ टीमें भाग लेंगी। एशिया कप के अलावा नवंबर-दिसंबर में होने वाले जूनियर विश्व कप में भी पाकिस्तान की टीम को खेलने की अनुमति दी जाएगी।

# सबालेंका शीर्ष पांच में अब अकेली मैदान में अल्काराज ने टार्वेट को 6-1, 6-4, 6-4 से हराया



**विंबलडन।** दो बार के गत विजेता कार्लोस अल्काराज ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए विंबलडन टेनिस टूनार्मेंट के अगले दौर में प्रवेश किया, लेकिन महिला वर्ग में उलटफेर का दौर जारी रहा जहां एरीना सबालेंका शीर्ष पांच खिलाड़ियों में अकेली मैदान पर डटी हुई हैं। अल्काराज ने सैन डिएगो विश्वविद्यालय के लिए खेलने वाले दुनिया में 733वें नंबर के क्वालिफायर ओलिवर टार्वेट को आसानी से 6-1, 6-4, 6-4 से हराकर विंबलडन में अपनी जीत का सिलसिला 20 मैचों तक पहुंचा दिया है।

पुरुष एकल में ही पांचवी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने कनाडा के गेब्रियल डायलो को 3-6, 6-3, 7-6 (0), 4-6, 6-3 से हराकर लगातार दूसरी बार पांच सेट की जीत दर्ज की। लेकिन 12वें नंबर के फ्रांसेस टियाफो भी बाहर होने वाले वरीय खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए। उन्हें 2022 के विंबलडन सेमीफाइनलिस्ट कैम नोरी ने 4-6, 6-4, 6-3, 7-5 से हराया।

महिला वर्ग में पिछले साल की उपविजेता और चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी के बाहर होने के बाद सबालेंका पांच शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में अकेली मैदान पर बची हुई हैं। दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ, तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और पांचवीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन पहले ही बाहर हो चुकी हैं।

पाओलिनी को गैर वरीयता प्राप्त कामिला राखीमोवा से 4-6, 6-4, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका ने बुधवार को अपने दूसरे दौर के मैच में मैरी बुजकोवा पर 7-6 (4), 6-4 से जीत हासिल की। वह अब 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू का सामना करेंगी। राडुकानू ने 2023 की विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को 6-3, 6-3 से हराया। महिला वर्ग के एक अन्य मैच में छठी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज ने ओल्गा डैनिलोविच को 6-4, 6-2 से पराजित किया।

# लिवरपूल-पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर डिओगो जोटा की कार दुर्घटना में मौत, 10 दिन पहले हुई थी शादी

**पुर्तगाल।** लिवरपूल से खेलने वाले पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर डिओगो जोटा की कार दुर्घटना में मौत हो गई। वह महज 28 वर्ष के थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्पेन में उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हुई। हादसे के वक्त उनके साथ कार में उनके भाई आंद्रे भी मौजूद थे। आंद्र भी 26 वर्षीय फुटबॉलर हैं। यह दुखद घटना जोटा की शादी के 10 दिन बाद हुई है। उन्होंने 10 दिन पहले लंबे समय से गर्लफ्रेंड रहीं रुटे काडोसो के साथ पोर्टो में शादी की थी।

पुर्तगाली फुटबॉल महासंघ ने जोटा और उनके भाई आंद्रे की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए एक बयान जारी किया। बयान में कहा गया, 'पुर्तगाली फुटबॉल महासंघ और पूरा पुर्तगाली फुटबॉल डिओगो जोटा और उनके भाई आंद्रे सिल्वा की मृत्यु से पूरी तरह स्तब्ध है। पुर्तगाली फुटबॉल महासंघ डिओगो और आंद्रे सिल्वा के परिवार और दोस्तों के साथ-साथ लिवरपूल एफसी और एफसी पेनाफिल के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है, जिन क्लबों में ये खिलाड़ी क्रमशः खेलते थे। हमने दो चैंपियन खो दिए हैं। डिओगो और आंद्रे सिल्वा का निधन पुर्तगाली फुटबॉल के लिए अपूरणीय क्षति है और हम उनकी विरासत का सम्मान करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।'



जोटा हाल ही में नेशंस लीग कप जीतने वाली पुर्तगाली टीम का हिस्सा रहे थे। पुर्तगाल की टीम ने फाइनल में स्पेन को हराकर खिताब जीता था। वह लिवरपूल फुटबॉल क्लब के साथ भी कई खिताब जीत चुके हैं। जोटा फुटबॉल के मैदान पर अपनी ड्रिब्लिंग स्किल्स, शानदार फिनिशिंग, तेज गति से डिफेंडर्स को छकाने के लिए जाने जाते थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्पेन के जमोरा में उनकी कार हादसे का शिकार हो गई, जिसमें उनकी मौत हो गई। इस हादसे में उनके भाई की भी जान चली गई।

# एजबेस्टन में भारत ने दूसरी बार की 200+ रनों की साझेदारी इस मामले में कपिल देव से आगे निकले जडेजा

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम के अनुभवी स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा शानदार अर्धशतकीय पारी खेलकर आउट हो गए। उन्होंने भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल के साथ 203 रनों की साझेदारी निभाई। दिलचस्प बात यह है कि छठे या उससे नीचे के विकेट के लिए यह भारतीय बल्लेबाजों द्वारा इंग्लैंड के खिलाफ तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी है।

### जडेजा ने जड़ा पचासा

इंग्लैंड के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन जडेजा ने पहली पारी में 80 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। यह उनके टेस्ट करियर का 23वां पचासा है। वह पहली पारी में 89 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जोश टंग ने जेमी स्मिथ के हाथों कैच आउट कराया। जडेजा और गिल ने 279 गेंदों में 203 रन जोड़े और तीसरी बड़ी पार्टनरशिप की।





### गिल के साथ जडेजा ने निभाई तीसरी बड़ी साझेदारी

जडेजा और गिल के बीच हुई यह 200+ रनों की साझेदारी इंग्लैंड के खिलाफ किसी भारतीय जोड़ी के बीच छठे या उससे नीचे के विकेट के लिए तीसरी बड़ी साझेदारी है। इससे पहले ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा के बीच 2022 में इसी मैदान (एजबेस्टन) पर 222 रनों की साझेदारी हुई थी। उससे पहले 208 में ऋषभ पंत और केएल राहुल के बीच ओवल में छठे या उससे नीचे के विकेट के लिए 204 रनों की साझेदारी हुई थी। इसका अर्थ यह है कि एजबेस्टन में हुई यह साझेदारी छठे या उससे नीचे के विकेट के लिए दूसरी 200+ रनों की साझेदारी है।

### कपिल देव को पीछे छोड़ा

एजबेस्टन टेस्ट की पहली पारी में जडेजा ने कुल 137 गेंदों का सामना किया और 10 चौके व एक छक्का लगाया। इसी के साथ नंबर सात या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए जडेजा के इंग्लैंड के खिलाफ विदेशी धरती पर 692 रन हो गए। इस मामले में उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव को पीछे छोड़ दिया। दिग्गज खिलाड़ी ने नंबर सात या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए विदेशी धरती पर इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में 638 रन बनाए थे।

# ट्रॉट ने भारतीय कप्तान शुभमन गिल की जमकर की तारीफ, कहा- हाव भाव में विश्व स्तरीय खिलाड़ी के लक्षण

**अफगानिस्तान।** अफगानिस्तान टीम के कोच और पूर्व क्रिकेटर जोनाथन ट्रॉट का कहना है कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन भारतीय कप्तान शुभमन गिल की सोची-समझी रणनीति और हाव भाव में विश्व स्तरीय खिलाड़ी के लक्षण हैं जिनका भविष्य उज्जवल नजर आता है। गिल ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में दूसरा शतक जड़ा और बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट के पहले दिन स्टंप तक नाबाद 114 रन (216 गेंद, 12 चौके) बनाकर भारत को पांच विकेट पर 310 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ट्रॉट ने जियो हॉटस्टार से कहा, 'उनके हाव भाव और जिस तरह से उन्होंने रन बनाए वह उल्लेखनीय है। इंग्लैंड के गेंदबाजों के खिलाफ उनके नियंत्रण ने ड्रेसिंग रूम को संदेश दिया कि वह जिम्मेदारी ले रहे हैं और आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं। उनकी रणनीति स्पष्ट थी। मैं क्रीज पर टिका रहूंगा और मैं कल फिर से खेलूंगा। मैं सुनिश्चित करूंगा कि हम जीत की स्थिति में पहुंचें। वह विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं जिनका भविष्य उज्जवल है।'





ट्रॉट ने कहा, 'उन्होंने एक सोची समझी रणनीति से बल्लेबाजी की जिसमें उनका आत्मविश्वास साफ नजर आता था। कप्तान के रूप में इस तरह के प्रदर्शन से टीम के अन्य खिलाड़ियों पर भी सकारात्मक असर पड़ता है।' ट्रॉट ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ब्रायडन कार्स और क्रिस वोक्स का सामना करते हुए गिल के दृष्टिकोण में अंतर को उनकी पारी के मुख्य आकर्षणों में से एक बताया।

उन्होंने कहा, 'कार्स के पास क्रिस वोक्स की तुलना में थोड़ी अधिक गति है, लेकिन गिल की समझ प्रभावशाली है कि दोनों का मुकाबला कैसे किया जाए। वह जानते हैं कि वोक्स स्टंप पर अटैक करने की कोशिश करेंगे और गिल ने संभाल कर खेलने की योजना बनाई। यही वह चीज है जो अच्छे खिलाड़ियों को औसत खिलाड़ियों से और विश्व स्तरीय खिलाड़ियों को बाकी खिलाड़ियों से अलग करती है।'

# रेरा कोर्ट के निर्देश पर सिद्धार्थ विहार स्थित गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट के इंफ्रास्ट्रक्चर का किया गया निरीक्षण



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रेरा कोर्ट के निर्देश पर सिद्धार्थ विहार स्थित गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट के इंफ्रास्ट्रचर का इंस्पेक्शन किया गया गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट में आवंटी एडवोकेट प्रदीप अरोड़ा की याचिका पर रेरा कोर्ट ने सोसायटी के इंफ्रास्ट्रक्चर का निरीक्षण करने का आदेश सुनाया।

निरीक्षण में शिकायत कर्ता के साथ आर डब्ल्यू ए एवं रेसीडेंट्स ने बिल्डिंग की जगह जगह से प्लास्टर झड़ना, कई जगह जर्जर हालत में अंदर का सरिया नजर आना, फायर सिस्टम की बदहाली, ग्रीन बेल्ट में एनजीटी की गाइडलाइन के विरुद्ध रखे गए ट्रांसफार्मर्स, क्लब हाउस में लिफ्ट का प्रोविजन होने के वावजूद लिफ्ट ना लगाना, क्लब हाउस के टॉप फ्लोर में आरसीसी छत के बजाय टीन की छत डालना, क्लब हाउस की क्षतिग्रस्त फाल सीलिंग, मुख्य गेट के अतिरिक्त अन्य चारों गेट के आगे रैंप नहीं बनाना आदि को दिखाया गया। इसके अलावा पम्पहाउस का प्रोविजन के बावजूद पम्प हाउस का निर्माण नहीं करना, बोरवेल का मुँह खुला छोड़ना, फ्री ओपन स्पेस को पार्किंग के रूप में आवास विकास परिषद द्वारा बेचना आदि शिकायत रेरा की निरीक्षक टीम से की गई ।

आर डब्ल्यू ए सचिव अतुल राय ने बताया कि इन सभी कमियों के कारण आठ वर्ष उपरांत भी उ प्र आवास विकास परिषद आर डब्ल्यूए को हैंडओवर नहीं दे पा रहा है। उपाध्यक्ष रंजन ने बताया परिषद की लापरवाही के चलते ट्रांसफार्मर भी यू पी पी सी एल को हैंडओवर नहीं किया जा रहा है। विद्युत फाल्ट होने पर परिषद का विद्युत खंड लेबर भेज नहीं पाता। हैंडओवर के आभाव ने यू पी पी सी एल ठीक करने से इंकार कर देता है। हारकर मैंटिंनेंस का खर्च आर डब्ल्यू ए को भुगतना पड़ रहा है। निरीक्षण के दौरान प्रमुख समाज सेवी कैलाश चंद्र शर्मा, शंकरलाल वत्स आर डब्ल्यू ए के साथ उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालयों के विलय के फैसले के खिलाफ आजाद समाज पार्टी ने जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आजाद समाज पार्टी कांशीराम की जिला व महानगर इकाई से जुडे कार्यकताओं ने गुरुवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर प्राथमिक विद्यालयों को विलय करने के योगी सरकार के फैसले का विरोध किया। कार्यकताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 27965 प्राथमिक विद्यालयों को विलय करने पर आपत्ति जाहिर की गई। कार्यकताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार का फैसला संविधान के अनुच्छेद 21 ए शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 और अनुच्छेद 46 कमजोर वर्गों की शिक्षा और आर्थिक हितों की सुरक्षा के प्रावधानों का उलंघन है। गरीबों के बच्चों को सरकार के स्कूलों में शिक्षा मिलना अनिवार्य है। इसलिए तत्काल स्कूल बंद करने के निर्णय को वापस लिए जाए। करछना प्रयागराज में पकड़े गए निर्दोष व्यक्तियों को तत्काल रिहा किया जाने की मांग भी की गई। इस मौके पर सत्यपाल चौधरी, निजाम चौधरी, तालिब चौधरी, शैलजा, जितेन्द्र सिद्धार्थ, मोहित सूद वाल्मीकि संजीव गौतम, एन डी खान, पुष्पेंद्र जाटव, मनोज जाटव आदि उपस्थित थे।




# इटावा में घटित घटनाओं पर कृष्णवंशी महासभा ने लिखा पीएम को पत्र




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इटावा में घटित घटनाओं पर कृष्णवंशी महासभा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा। उत्तर प्रदेश के इटावा जनपद में हाल ही में घटित घटनाएं न केवल सामाजिक सौहार्द्र को चोट पहुंचा रही हैं, बल्कि संविधान प्रदत्त मूल अधिकारों का भी घोर उल्लंघन कर रही हैं। स्थानीय प्रशासन द्वारा एकतरफा कार्रवाई के तहत अनेक निर्दोष व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्हें बिना किसी ठोस प्रमाण के हिरासत में लिया गया है। यह पूरी प्रक्रिया न्याय के बुनियादी सिद्धांतों के विरुद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप की मांग की गई।




(1) इटावा की घटना की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जा सके। (2) निर्दोष व्यक्तियों की तत्काल रिहाई सुनिश्चित की जा सके। (3) स्थानीय प्रशासन और पुलिस द्वारा की गई भेदभावपूर्ण कार्रवाई की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा सके। (4) भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु केंद्र सरकार द्वारा सख्त दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

हमारा मानना है कि इस मामले में प्रधानमंत्री के हस्तक्षेप से ही पीड़ितों को न्याय और समाज को विश्वास मिल सकेगा।

निवेदन किया गया कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करें।

# प्लाट के फर्जी कागज बनाकर महिला से 25 लाख हड़पे पुलिस ने एक भूमाफिया को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**लोनी, करंट क्राइम।** थाना ट्रॉनिका सिटी इलाके के पावी गांव में भूमाफियाओं ने प्लाट के फर्जी कागज बनाकर दिल्ली की एक महिला को बेच दिया और उससे 25 लाख रुपए हड़प लिए। महिला को जब उसके साथ हुए धोखाधडी की जानकारी हुई तो उसके होश उड़ गए। महिला ने भूमाफियाओं से अपने पैसे मांगे लेकिन भूमाफियाओं ने मना कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। महिला परेशान होकर ट्रॉनिका सिटी थाने पहुंची और घटना की जानकारी दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर पांच भूमाफियाओं के विरुद्ध धोखाधड़ी व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस आरोपियों की तलाश में थी कि गुरुवार को पुलिस ने एक भूमाफिया को धर दबोचा।



दिल्ली की रहने वाली सरोज पत्नी हजारीलाल ने पावी सादकपुर के पास कॉलोनी में प्रोपर्टी डीलर सद्दाम पुत्र वसीम, फुरकान अली, भोला रिजवान अली, मोहम्मद वसीम, रविन्द्र, खन्नानगर लोनी से प्लाट 25 लाख रुपए में खरीदा था लेकिन पांचों भूमाफियाओं ने महिला को प्लाट के फर्जी कागज बनाकर दे दिए। जांच कराने पर महिला को उसके साथ हुई धोखाधड़ी की जानकारी मिली तो उसने भूमाफियाओं से अपने पैसे मांगे लेकिन भूमाफियाओं ने पैसे वापस करने से मना कर दिया और जान से मारने की धमकी दी सरोज ने ट्रानिका सिटी थाने में पांचों भूमाफियाओं के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई पुलिस भूमाफियाओं की गिरफ्तारी के प्रयास में थी कि गुरुवार सुबह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वसीम को उसके घर पावी से गिरफ्तार कर लिया। बाकी भूमाफियाओं की गिरफ्तारी के लिए उनके संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम का कहना है कि जल्द ही अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# बसपा ने बदली परिपाटी, अब हर बड़े नेता को करना होगा बूथ और सेक्टर लेवल पर काम

सुब्रत भट्टाचार्य

**गाजियाबाद।** 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर बसपा कितना गंभीर है यह इस बात से पता चलता है कि विधानसभा क्षेत्र में बूथ और सेक्टर कमेटियों के गठन में पार्टी के सभी बड़े नेताओं और मंडल कोऑर्डिनेटरों को जिम्मेदारी दी गई। बसपा ने अगस्त तक अपनी बूथ और सेक्टर कमिटियों के गठन पर पूरा जोर दिया है। प्रत्येक विधानसभा के लिए दो-दो प्रभारी की नियुक्ति की गई है। इनमें मंडल कोऑर्डिनेटर भी शामिल है। इससे पहले बसपा में मंडल कोऑर्डिनेटरों की जिम्मेदारी पूरे जिले में संगठन को मजबूत करने की होती थी लेकिन जब से आकाश आनंद को नेशनल कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी दी गई है, तब से बसपा की परिपाटी बदल गई है। अब मंडल कोऑर्डिनेटरों के जिम्मे में भी विधानसभा में बूथ और सेक्टर कमिटियों के गठन करना है। जानकारी के अनुसार बसपा में सेक्टर कमेटियों का गठन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। अब बूथ लेवल पर कमेटियों का गठन किया जाएगा। बसपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र मोहित ने बताया कि प्रत्येक बूथ पर पांच-पांच सदस्यों की कमेटियों का गठन किया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया अगस्त तक हो जाएगी। गाजियाबाद के पांच विधानसभा में केंद्रीय नेतृत्व की ओर से दो-दो सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई है। लोनी की जिम्मेदारी जिला प्रभारी रमन कुमार और धर्मपाल प्रधान के कंधे पर है। वहीं मुरादनगर में जिला प्रभारी हरवीर और मुनव्वर चौधरी को सेक्टर कमिटियों की देखरेख और बूथ कमेटी के गठन में सहयोग की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह गाजियाबाद में नरेंद्र मोहित और लखमी सिंह को जिम्मेदारी दी गई है जबकि मोदी नगर में मेरठ मंडल प्रभारी मेघानंद जाटव को जिम्मेदारी दी गई है। बसपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र मोहित ने बताया कि पार्टी ने तय किया कि जितने भी ऊंचे पद पर कार्यकर्ता है उन सभी को बूथ और सेक्टर लेवल पर काम करना है। इस साल दिसंबर तक बूथ और सेक्टर लेवल पर पार्टी को मजबूत कर लिया जाएगा।




# गोविंद अग्रवाल को नोएडा गौतम बुद्ध नगर का बनाया गया जिलासम्यक सदस्य



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के मंडल पर स्पोर्ट्स फॉर स्कूल योजना के तहत आल इंडिया ग्रामीण क्रिकेट लीग के प्रबंधक गोविंद अग्रवाल को नोएडा गौतम बुद्ध नगर का जिलासम्यक सदस्य बनाया गया।

इस अवसर पर डीपीएस टेक मैनेजमेंट सिस्टम के सीईओ देवेंद्रसिंह द्वारा गोविंद अग्रवाल को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर रणजी खिलाड़ी कृष्ण गुप्ता प्रशिक्षक, हेमंत तिवारी एवं ऑल इंडिया क्रिकेट टीम के उपाध्यक्ष सुरेंद्र मगन (पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट), संदीप वर्मा कन्नौज से ऑल इंडिया ग्रामीण क्रिकेट लीग जिला अध्यक्ष राजीव पटेल की गरिमामय उपस्थित रही। इस अवसर पर सीईओ देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि स्पोर्ट्स फॉर स्कूल उत्तर प्रदेश सरकार एवं हमारे मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी की महत्वाकांक्षी योजना है। खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रमाण पत्र प्रोत्साहन राशि तथा सरकारी नौकरी दी जाएगी। इस अवसर पर प्रखर फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नमिता भल्ला ने भी वॉयस मेल द्वारा अपनी शुभकामनाएं भेजीं।

# सड़क हादसा: तेज रफ्तार कार की टक्कर से मोपेड सवार की मौत

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर-हापुड़ मार्ग पर गांव खंजरपुर गेट के सामने एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार कार ने मोपेड को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में मोपेड सवार की मौके पर ही मौत हो गई। भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव सुजानपुर अखाड़ा निवासी 60 वर्षीय अमरपाल सिंह बुधवार को सुबह 11 बजे मोपेड से मोदीनगर जा रहे थे। खंजरपुर गेट के पास मोदीनगर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी मोपेड को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि अमरपाल सिंह कई फीट दूर जा गिरे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल अमरपाल को तुरंत मोदीनगर के अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र पिंटू ने मोदीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल कार को अपने कब्जे में ले लिया है।



# पुलिस की लुटेरे बाप-बेटे से मुठभेड बेटे को लगी गोली, पिता गिरफ्तार

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** मुरादनगर थाने की पुलिस ने देर रात पेरिफेरल अंडरपास पर चेकिंग के दौरान एक बाप-बेटे के लुटेरों से मुठभेड़ की। इस मुठभेड़ में लुटेरा उमर पुलिस की गोली से घायल हो गया, जबकि उसका पिता शाहिद को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, बुधवार रात अपराध नियंत्रण के लिए मुरादनगर पुलिस टीम पेरिफेरल अंडरपास पर चेकिंग कर रही थी।



इस दौरान, दुहाई गांव की ओर से दो संदिग्ध बाइक सवार आते नजर आए। जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो वे कन्नौजा रोड की ओर तेजी से भागने लगे, और इस दौरान उनकी बाइक फिसलकर गिर गई। जब पुलिस ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की, तो लुटेरों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायर किया, जिसमें गोली चलाने वाला उमर, पुत्र शाहिद (निवासी कल्लूगाड़ी, थाना मसूरी, गाजियाबाद) घायल हो गया। उसे मौके से गिरफ्तार कर अस्पताल भेजा गया। घायल उमर के पास से एक अवैध तमंचा (315 बोर), एक खोखा कारतूस, एक ज़िंदा कारतूस, एक जोड़ी पीली धातु के कुंडल और एक प्लेटिना मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस ने घटनास्थल के बाद की गई कांबिंग में उमर के पिता शाहिद, पुत्र अख्तर को भी गिरफ्तार किया। पुलिस की पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 2 जुलाई 2025 को मुरादनगर क्षेत्र में एक महिला से कुंडल छीनने की वारदात को अंजाम दिया था। उमर ने बताया कि वह और उसका पिता मिलकर लूटपाट करते हैं। वर्तमान में पुलिस दोनों के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है और इनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

# महिला वकील 5 दिन डिजिटल अरेस्ट रही हथियारों की तस्करी में नाम बताकर ठगे 3.29 करोड़, साइबर पुलिस कर रही जांच

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा में साइबर ठगों ने महिला वकील को डिजिटल अरेस्ट कर लिया। ठगों ने हथियारों की अवैध तस्करी में आधार कार्ड का इस्तेमाल होने का डर दिखाया। जेल भेजने की धमकी दी। ठगों ने महिला से पांच बार में अलग-अलग खातों में तीन करोड़ 29 लाख 70 हजार रुपए ट्रांसफर करवाए। जब महिला पर और रकम ट्रांसफर करने का दबाव बनाया जाने लगा, तब उसे ठगी की आशंका हुई।

बेटे के कहने पर महिला ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने की पुलिस से की। पुलिस ने तीन कथित जालसाजों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच कर शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-47 के डी ब्लॉक में रहने वाली 72 साल की महिला ने बताया कि वह उच्च न्यायालय में वकील थीं।

10 जून को महिला के लैंडलाइन नंबर पर एक कॉल आई। कॉलर ने महिला से कहा कि उसके आधार कार्ड और बैंक खाते का इस्तेमाल हथियारों की अवैध तस्करी, ब्लैकमेलिंग और जुआ में इस्तेमाल हुआ है। अनजान व्यक्ति ने खुद को जांच एजेंसी का कर्मचारी बताया।



जेल जाने का दिखाया डर उसने महिला से यह भी कहा कि मामला संगीन होने के कारण उसे जेल जाना पड़ सकता है। बताया गया कि इस मामले में 25 अप्रैल को महिला के खिलाफ केस दर्ज हो चुका है। इसके बाद ठगों ने एक व्यक्ति का मोबाइल नंबर दिया और कहा कि मामले के संबंध में एनओसी उन्हें वही देंगे। इसके बाद ठगों ने वॉट्सऐप पर वीडियो कॉल की। बैकग्राउंड में एक व्यक्ति पुलिस की वर्दी में दिखा।

पीछे का पूरा नजारा किसी वास्तविक थाने जैसा ही दिख रहा था। पूछताछ के क्रम में महिला के बैंक खातों और उसमें जमा राशि के बारे में जानकारी एकत्र की गई। एफडी तुड़वाकर ट्रांसफर की रकम इसके बाद महिला से कहा गया कि वह अपनी एफडी तुड़वा ले और सारी रकम ठगों द्वारा बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दे। ठगों द्वारा यह भी वादा किया गया कि जांच के बाद पूरी रकम मूल खाते में वापस आ जाएगी।

रकम जांच के क्रम में ट्रांसफर करवाई जा रही है। महिला को लगा वह सच में बड़ी संकट में फंस गई है और पुलिस अधिकारी उसको केस से बाहर निकालने में मदद कर रहे हैं। झांसे में आने के बाद महिला ने ठगों द्वारा बताए गए खाते में पांच बार में करीब तीन करोड़ 30 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए।

# हापुड में दर्दनाक हादसा, बाइक सवार पांच लोगों की मौत, ट्रक ने मारी टक्कर

**हापुड (करंट क्राइम)।** करंट क्राइम। हापुड में देररात एक दर्दनाक हादसे में 4 बच्चों समेत 5 लोगों की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से 5 लोगों की मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने बताया कि हाफिजपुर थाने के तहत आने वाले बुलंदशहर रोड पर एक वाहन ने एक बाइक पर सवार चार बच्चों और एक व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिसमें पांच लोगों की मौत हुई है। पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। सभी 5 लोग एक ही बाइक पर सवार थे।



दानिश, पिता | मायरा, बेटी | समायरा, बेटी | समर, भतीजा | माहिम, पड़ोसी का बेटा

हादसे के बाद घायलों को अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतक व्यक्ति दानिश अपनी दो बेटियों और एक भतीजे व एक पड़ोसी बच्चे के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर स्विमिंग पूल से नहाकर वापस घर लौट रहा था। घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने सभी मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



स्वीमिंग पूल में दानिश के नहाने का वीडियो वायरल हो रहा है। नहाने के बाद बच्चों को लेकर जा रहे दानिश को एक ट्रक ने टक्कर मार दी।

जानकारी के अनुसार, हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रफीकनगर, मजीदपुरा निवासी 36 वर्षीय दानिश अपनी दो बेटियों महिरा (उम्र 6 वर्ष), समायरा (उम्र 5 वर्ष) तथा अपने भाई के बेटे समर (उम्र 8 वर्ष) व पड़ोसी बच्ची माहिरा (उम्र 8 वर्ष) को लेकर मुरशदपुर स्थित स्विमिंग पूल में नहाने गया था।

लौटते समय दानिश चारों बच्चों को एक ही बाइक पर बैठाकर वापस आने के दौरान जैसे ही दानिश की बाइक बुलंदशहर-हापुड़ रोड हाइवे पर पड़ाव के पास पहुंची, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गई। इसके बाद दानिश और चारों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...



# भारत में लोकतंत्र सिस्टम नहीं, संस्कार हैं : पीएम मोदी

## हम दुनिया के लिए शक्ति स्तम्भ, घाना में नेशनल अवॉर्ड मिलना सम्मान की बात

**घाना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को घाना की संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'आज इस प्रतिष्ठित सदन को संबोधित करते हुए मुझे गर्व महसूस हो रहा है। घाना में होना सौभाग्य की बात है। यह लोकतंत्र की भावना से भरी हुई धरती है। घाना पूरे अफ्रीका के लिए प्रेरणा का केंद्र है।'



मोदी ने कहा, 'भारत लोकतंत्र की जननी है। यह हमारे लिए एक सिस्टम नहीं, बल्कि संस्कार है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत दुनिया के लिए शक्ति का स्तंभ है। एक मजबूत भारत एक स्थिर और समृद्ध दुनिया में योगदान देगा।'

पीएम मोदी ने कहा, 'घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा से कल नेशनल अवॉर्ड मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत के 140 करोड़ लोगों की ओर से, मैं इस सम्मान के लिए घाना के लोगों को धन्यवाद देता हूं। हमारी दोस्ती आपके मशहूर शुगर लोफ अनानास से भी मीठी है।' पीएम मोदी 2 जुलाई से 10 जुलाई तक विदेश यात्रा पर हैं। इस दौरान वे 5 देशों में जाएंगे। घाना उनका पहला पड़ाव है। प्रधानमंत्री मोदी को बुधवार को घाना का सर्वोच्च सम्मान 'द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' दिया गया था। दोनों देशों ने 4 अलग-अलग समझौते भी साइन किए।

घाना जी 20 का स्थायी सदस्य बना। यह भारत की प्रेसीडेंसी में मुमकिन हुआ। भारत की फिलॉसिफी ह्यूमैनिटी फर्स्ट है। हम सभी के खुश रहने में यकीन रखते हैं। हमें घाना में एक ऐसा देश दिखाई देता है, जो साहस के साथ हर चुनौती का बहादुरी से सामना करता है।

भारत लोकतंत्र की जननी है। हमारे लिए लोकतंत्र सिर्फ एक व्यवस्था नहीं, मूलभूत मूल्यों का हिस्सा है। भारत में 2,500 से ज्यादा राजनीतिक दल, अलग-अलग राज्यों में 20 अलग-अलग पार्टियों की सरकारें, 22 आधिकारिक भाषाएं और हजारों बोलियां हैं। हम एक उज्ज्वल और टिकाऊ भविष्य को सुरक्षित करने के लिए अफ्रीका के डेवलपमेंट फ्रेमवर्क का समर्थन करते हैं। साथ मिलकर, हम वादों और तरक्की से भरे भविष्य को आकार देंगे। दुनिया जलवायु परिवर्तन, महामारी, आतंकवाद और साइबर सुरक्षा जैसे नए और जटिल संकटों का भी सामना कर रही है। पिछली सदी में बनाए गए संस्थान जवाब देने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बदलती परिस्थितियों में वैश्विक शासन में विश्वसनीय और प्रभावी सुधारों की जरूरत है।

2 जुलाई को सर्वोच्च सम्मान मिलने के बाद ढट मोदी ने कहा था, 'घाना से सम्मानित होना मेरे के लिए गर्व की बात है। इससे पहले उन्होंने घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा के साथ जॉइंट स्टेटमेंट जारी किया।

# अमेरिका में ऑपरेशन सिंदूर पर बोले जयशंकर

## 'भारत आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा'



**वाशिंगटन।** क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने अमेरिका गए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि सात मई को हुए ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य यह है कि अगर आतंकवादी हमले होते हैं, तो हम अपराधियों, समर्थकों, वित्तपोषकों और समर्थकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। यह संदेश बहुत स्पष्टता के साथ दिया गया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत के रुख को एक बार फिर स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को बता दिया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि क्वाड और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का 25 अप्रैल को जारी बयान हमारे लिए जो महत्वपूर्ण है। इसमें कहा गया है कि आतंकवाद के अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए।

विदेश मंत्री ने कहा कि यह बयान हमारे लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हमें दुनिया को बताना होगा कि हमने क्या किया? सात मई को हुए ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य यह है कि अगर आतंकवादी हमले होते हैं, तो हम अपराधियों, समर्थकों, वित्तपोषकों और समर्थकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। यह संदेश बहुत स्पष्टता के साथ दिया गया था। जयशंकर ने कहा कि हमने क्वाड के साथ-साथ विश्व स्तर पर अपने समकक्षों के साथ आतंकवाद की प्रकृति को साझा किया।

### क्वाड देशों ने की पहलगाम हमले की निंदा

इससे पहले क्वाड देशों यानी अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को एक संयुक्त बयान में 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की। आतंकी हमले में दहशतगर्दों ने 26 निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या कर दी थी। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से इस निंदनीय कृत्य के अपराधियों, आयोजकों और वित्तपोषकों को बिना किसी देरी के न्याय के कटघरे में लाने में सहयोग करने का आह्वान किया। इसमें विदेश मंत्री जयशंकर, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापानी विदेश मंत्री ताकेशी इवाया शामिल रहे।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने आतंकवाद खत्म करने पर दिया जोर

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने भी पहलगाम हमले की कड़े शब्दों में निंदा की थी। सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य के अपराधियों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने की जरूरत पर जोर दिया। इन हत्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और सभी राज्यों से अंतरराष्ट्रीय कानून और प्रासंगिक सुरक्षा परिषद प्रस्तावों के तहत अपने दायित्वों के अनुसार इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करने का आग्रह किया।

# थाईलैंड को दो दिन में दूसरा प्रधानमंत्री मिला

## फुमथम वेचायाचाई को जिम्मेदारी, सूर्या 24 घंटे पीएम रहे इससे पहले शिनावात्रा को कोर्ट ने हटाया था

**बैंकॉक।** थाईलैंड के नए कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथाम वेचायाचाई गुरुवार को बैंकॉक के गवर्नमेंट हाउस में कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए। थाईलैंड को दो दिन में दूसरा प्रधानमंत्री मिला है। गृह मंत्री फुमथम वेचायाचाई ने गुरुवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी संभालीं। उन्होंने 24 घंटे प्रधानमंत्री रहे सूर्या जुंगरुंगरेंगकिट की जगह ली है।



सूर्या जुंगरुंगरेंगकिट को बुधवार को देश का कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था। 70 साल के सूर्या ने निलंबित प्रधानमंत्री पाइतोंग्तार्न शिनावात्रा की जगह ली थी, जिन्हें 1 जून को पद से हटाया गया था। पैतोंगतार्न शिनावात्रा के खिलाफ आरोप है कि उन्होंने कंबोडिया के एक बड़े नेता के साथ फोन पर बातचीत की, जो सार्वजनिक हो गई और इसे मंत्री पद के नैतिक नियमों का उल्लंघन माना गया। थाई सरकार ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर बताया कि नए मंत्रिमंडल की पहली बैठक में फुमथम को कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनाने पर सहमति बनी। यह बैठक तब हुई जब थाईलैंड के राजा महा वजीरालोंगकोर्न ने नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। पीएम पाइतोंग्तार्न का कंबोडिया के नेता के साथ बातचीत का एक वीडियो लीक हो गया था। इसमें पीएम पाइतोंग्तार्न, कंबोडिया के नेता हुन सेन को चाचा कहती है और थाई सेना प्रमुख को अपना विरोधी बताती हैं। कंबोडिया और थाईलैंड के बीच सीमा विवाद चल रहा है।

# इस्राइली सेना ने गाजा में रातभर किए हवाई हमले और गोलीबारी, 82 फिलिस्तीनी मारे गए

**गाजा।** गाजा में बीते कई महीनों से जारी संघर्ष ने इलाके को पूरी तरह तबाह कर दिया है। हजारों लोगों की मौत हो चुकी है, बड़ी संख्या में लोग घायल हैं और आम नागरिकों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल, अस्पताल और जरूरी सुविधाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। संघर्ष विराम की कोशिशों के बीच इस्राइली सेना ने गाजा में रात भर हवाई हमले और गोलीबारी की। इन हमलों में 82 फलस्तीनियों की मौत हुई है। अस्पताल और स्वास्थ्य मंत्रालय ने इन हमलों के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि 82 लोगों में से 38 लोगों की मौत तब हुई जब वे मानवीय सहायता पाने की कोशिश कर रहे थे।



जानकारी के मुताबिक, गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन से जुड़े स्थलों के आसपास पांच लोग मारे गए। यह नव निर्मित, गुप्त अमेरिकी संगठन है, जो गाजा पट्टी की आबादी को भोजन उपलब्ध कराने के लिए इस्राइल द्वारा समर्थित है। इनके अलावा, गाजा पट्टी में अन्य स्थानों पर सहायता ट्रकों का इंतजार करते समय 33 अन्य लोग मारे गए। हालांकि, इस्राइली सेना ने बुधवार रात और गुरुवार सुबह के हमलों पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की।

गौरतलब है कि इस्राइली सेना ने यह हमले तब किए हैं जब एक दिन पहले ही इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास का जड़ से खात्मा करने की बात कही थी। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि गाजा में युद्ध खत्म होने के बाद हमास का कोई वजूद नहीं रहेगा। बुधवार को अपने बयान में नेतन्याहू ने कहा कि गाजा से हमास का पूरी तरह सफाया किया जाएगा और इस्राइल की सुरक्षा को सबसे ऊपर रखा जाएगा। वहीं, अमेरिका भी इस मुद्दे को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने की कोशिश में जुटा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि इस्राइल 60 दिनों के युद्धविराम पर सहमत हो गया है। ट्रंप ने हमास से अपील की है कि वह जल्द से जल्द इस प्रस्ताव को स्वीकार करे, क्योंकि हालात और ज्यादा खराब हो सकते हैं। अमेरिका पिछले कुछ हफ्तों से इस्राइल और हमास पर युद्ध रोकने के लिए दबाव बना रहा है।

### गाजा में जंग से तबाही

गाजा में बीते कई महीनों से जारी संघर्ष ने इलाके को पूरी तरह तबाह कर दिया है। हजारों लोगों की मौत हो चुकी है, बड़ी संख्या में लोग घायल हैं और आम नागरिकों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल, अस्पताल और जरूरी सुविधाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं।

# भारत से ट्रेड डील जल्द होने की उम्मीद, टैरिफ भी कम रहेंगे



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उम्मीद जताई है कि भारत-अमेरिका के बीच जल्द ट्रेड डील होगी, टैरिफ भी कम रहेंगे। मीडिया से बातचीत में ट्रम्प ने कहा, भारत के साथ ट्रेड डील कुछ अलग होगी। भारत टैरिफ के मामले में किसी भी देश को रियायत नहीं देता है। लेकिन मेरा मानना है कि इस बार की ट्रेड डील से दोनों देशों को फायदा मिलने वाला है। ट्रम्प ने डील की डेडलाइन 9 जुलाई रखी है। पहला- भारत पर ट्रम्प टैरिफ को किसी भी सूरत में 10% या फिर इससे कम ही रखा जाए। ट्रम्प की ओर से अप्रैल में भारत पर लगाए गए 26% टैरिफ को कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। दूसरा भारत की एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम ईकाई) को अमेरिकी बाजार में अनुकूल हालात मुहैया कराया जाए। इसमें लेदर, गारमेंट, जेम्स-जूलरी और फार्मा मुख्य हैं। भारत का कहना है कि जीएसपी (जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रेफरेंस) की तर्ज पर भारतीय उत्पादों पर जीरो टैरिफ की कैटेगरी बने। 2019 तक लागू जीएसपी से लगभग 20% भारतीय उत्पादों को टैरिफ नहीं चुकाना पड़ता था। अमेरिकी रक्षा मंत्री कहा है कि भारत के किए गए रक्षा सौदे ज अमेरिका ने भारत को जो रक्षा उपकरण दिए हैं, उनका भारतीय सेना सफलतापूर्वक उपयोग कर रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, दोनों पक्ष इस ट्रेड डील को 2030 तक प्रस्तावित 43 लाख करोड़ (500 अरब डॉलर) के द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की पहली कड़ी मान रहे हैं। उनका मानना है कि ये डील द्विपक्षीय डील का आधार बनेगी। पीएम नरेंद्र मोदी की फरवरी में अमेरिका यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच ट्रेड 2030 के समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे।

### भारत कुछ अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर टैरिफ कम करेगा

भारत का कहना है कि अमेरिका यदि भारत के साथ वर्तमान में चल रहे व्यापार घाटे को कम करना चाहता है तो उसे कुछ सेक्टरों में भारतीय उत्पादों के लिए बेहतर माहौल देना पड़ेगा। भारत ने कुछ अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर टैरिफ में कमी करने का ऐलान कर भी दिया है। अब अमेरिका के पाले में गेंद है। जेपी मॉर्गन की रिपोर्ट के अनुसार यदि 9 जुलाई के बाद भी कई देशों पर ट्रम्प के टैरिफ लागू रहते हैं तो अमेरिकी कर्मचारियों को 7 लाख करोड़ का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ सकता है।

### ट्रेड डील नहीं होने से भारत पर 26% टैरिफ लगेगा

भारत और अमेरिका के बीच अगर 9 जुलाई तक कोई समझौता नहीं हुआ हुआ तो भारत पर 26% टैरिफ लग सकता है। इस दिन से ट्रम्प के सस्पेंडेड टैरिफ दोबारा लागू होंगे। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दुनियाभर के करीब 100 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया था। इसमें भारत पर 26% टैरिफ लगा। फिर 9 अप्रैल को ट्रम्प प्रशासन ने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया।

# सोमालिया में अफ्रीकन यूनियन शांति सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश, पांच सैनिकों की मौत

**मोगादीशु।** सोमालिया सिविल एविएशन अथॉरिटी के निदेशक जनरल अहमद माओलिम हसन ने बताया कि हादसे की जांच चल रही है। सोमालिया के उड्डयन मंत्री हादसे वाली जगह पहुंचने वाले पहले लोगों में शामिल थे।



सोमालिया में अफ्रीकन यूनियन की शांति सेना का एक हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया, जिसमें यूगांडा के पांच सैनिकों की मौत हो गई। घटना सोमालिया की राजधानी मोगादिशु की है। यूगांडा की सरकार ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट्स के अनुसार, एमआई-24 हेलीकॉप्टर ने लोअर शबेले क्षेत्र में स्थित एक एयरफील्ड से उड़ान भरी थी। हेलीकॉप्टर में आठ लोग सवार थे। इनमें पांच की मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हैं।

क्या है मामला हादसे का शिकार हुआ हेलीकॉप्टर यूगांडा एयर फोर्स का था और अफ्रीकी यूनियन शांति सेना मिशन के तहत सोमालिया में सेवा दे रहा था। यूगांडा की सेना ने बताया कि हेलीकॉप्टर नियमित उड़ान पर था। हादसे में हेलीकॉप्टर का पायलट, सह-पायलट और फ्लाइट इंजीनियर ही बचे हैं। ये तीनों भी गंभीर रूप से घायल हैं। तीनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। सोमालिया सिविल एविएशन अथॉरिटी के निदेशक जनरल अहमद माओलिम हसन ने बताया कि हादसे की जांच चल रही है। सोमालिया के उड्डयन मंत्री हादसे वाली जगह पहुंचने वाले पहले लोगों में शामिल थे। उन्होंने बताया कि हादसे के पहले हेलीकॉप्टर हवा में ही अनियंत्रित होकर लहराया और आखिरकार क्रैश हो गया।

एक स्थानीय ने बताया कि उसने धमाके की तेज आवाज सुनी थी। जिसके बाद घटनास्थल पर धुआं-धुआ ही दिखाई दे रहा था। हादसे के चलते कुछ देर तक एयरपोर्ट पर विमानों की आवाजाही रोक दी गई लेकिन कुछ देर बाद ही संचालन फिर से शुरू हो गया।

# ब्रिटेन की संसद में आंसू बहाती दिखीं वित्त मंत्री रीव्ज

## रोने की वजह से पाउंड 1% गिरा, विपक्ष बोला- उनकी कुर्सी खतरे में

**लंदन।** ब्रिटेन की वित्ता मंत्री रेचल रीव्ज बुधवार को संसद में रो पड़ीं। तब ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर विपक्ष के सवालों का जवाब दे रहे थे। रीव्ज के रोने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कई लोगों ने उन्हें कमजोर बताया और उनकी आलोचना की। रीव्ज के रोने का नुकसान ब्रिटिश मार्केट पर तुरंत दिखा। पाउंड की कीमत डॉलर के मुकाबले 1% गिर गई। दरअसल, निवेशकों ने समझा कि चांसलर की कुर्सी खतरे में है। अक्टूबर 2022 के बाद यह पहली बार हुआ जब पाउंड में इतनी गिरावट हुई।



उस वक्त प्रधानमंत्री लिज ट्रस के मिनी-बजट ने बाजार में जबरदस्त उथल-पुथल मचा दी थी और उसका नतीजा यह हुआ था कि ट्रस को अपने पद से हटना पड़ा था। इस बीच पीएम स्टार्मर ने रीव्ज का बचाव किया। उन्होंने कहा कि रीव्ज के आंसुओं का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है और उन्होंने भरोसा दिलाया कि रीव्ज आने वाले कई सालों तक चांसलर बनी रहेंगी। दरअसल, चांसलर रेचल रीव्ज और लेबर पार्टी के कई सांसदों के बीच विवाद इसलिए हुआ क्योंकि रीव्ज ने विकलांग और बेरोजगार लोगों को मिलने वाले कुछ फायदे में कटौती करने का प्रस्ताव रखा था। इस फैसले से लेबर पार्टी के बहुत से सांसद नाराज हो गए थे। उन्होंने संसद में उनका काफी विरोध किया। इस विवाद के बाद कीर स्टार्मर सरकार ने कटौती का फैसला वापस ले लिया, लेकिन इसका नुकसान यह हुआ कि सरकार को हर साल लगभग 5 बिलियन पाउंड का नुकसान उठाना होगा। अब संभावना ये बन गई कि इस नुकसान को पूरा करने के लिए उन्हें टैक्स बढ़ाना पड़ सकता है।

### वित्त मंत्री के रोने की वजह अभी मालूम नहीं

वित्त मंत्री के रोने के पीछे क्या वजह थी, इसे लेकर कई तरह की बातें सामने आईं। कुछ लोगों ने कहा कि विपक्ष के तीखे सवालों ने उन्हें रुला दिया। हालांकि, उनके प्रवक्ता ने कहा कि यह उनका निजी मामला था। वहीं, कुछ लोगों का मानना है कि लेबर सांसदों के साथ हुए विवाद की वजह से वो भावुक हो गईं।

### पीएम स्टार्मर और चांसलर रीव्ज के झगड़े की अफवाह

द मिरर के मुताबिक कई सूत्रों ने दावा किया कि चैंबर में आने से ठीक पहले प्रधानमंत्री स्टार्मर और चांसलर रीव्ज के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था, जिससे वह परेशान हो गई थीं। हालांकि प्रधानमंत्री और चांसलर के दफ्तर ने इस दावे को खारिज कर दिया।

# डेनमार्क ने संभाली यूरोपीय संघ की अध्यक्षता

## यूक्रेन युद्ध और ट्रंप की टैरिफ नीति बड़ी चुनौती

**ऑरहूस।** डेनमार्क की यूरोपीय संघ अध्यक्षता ऐसे समय में आई है जब यूरोप जलवायु संकट, युद्ध, आर्थिक अस्थिरता और राजनीतिक मतभेदों से जूझ रहा है। वहीं रूस-यूक्रेन जंग के साथ डोनाल्ड ट्रंप का टैरिफ भी यूरोप के लिए अहम मुद्दा है। ऐसे में आने वाले छह महीने काफी अहम माने जा रहे हैं। डेनमार्क ने यूरोपीय संघ (ईयू) की छह महीने की अध्यक्षता संभाल ली है। अध्यक्षता की शुरूआत गुरुवार को हुई, जब डेनमार्क ने रूस-यूक्रेन युद्ध और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति से पैदा हुई व्यापारिक उथल-पुथल का सामना करने के लिए पूरे यूरोप से एकजुट होने की अपील की। डेनमार्क की यूरोपीय मामलों की मंत्री मैरी बिएरे ने कहा, 'हमारे पास यूरोप की धरती पर युद्ध है। व्यापार युद्ध और नए टैरिफ सामने हैं, और अमेरिका जैसा करीबी सहयोगी अब अपने में सिमट रहा है। अब यूरोप को अपने पैरों पर खड़ा होना होगा।' इस दौरान प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ऑरहुस शहर में उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल रहीं।



### क्या है ईयू की अध्यक्षता

यूरोपीय संघ में 27 देशों के बीच अध्यक्षता हर छह महीने में बदलती है। अध्यक्ष देश यूरोपीय संघ के कामकाज की प्राथमिकताएं तय करता है और सभी सदस्य देशों में तालमेल बैठाकर फैसले लेने में मदद करता है। डेनमार्क की अध्यक्षता का नारा है- 'बदलती दुनिया में एक मजबूत यूरोप'। 1973 में शामिल होने के बाद से डेनमार्क ने आठवीं बार यूरोपीय संघ की अध्यक्षता शुरू की है। डेनमार्क की प्राथमिकताएं सुरक्षा और रक्षा- रूस-यूक्रेन युद्ध चौथे साल में पहुंच गया है। नाटो का कहना है कि रूस तीन-पांच साल में फिर किसी यूरोपीय देश पर हमला कर सकता है। यूरोपीय संघ के देशों से कहा गया है कि वे रक्षा पर अपने जीडीपी का पांच फीसदीखर्च करें। डेनमार्क का लक्ष्य है कि 2030 तक यूरोप खुद अपनी रक्षा के लिए सक्षम हो। यूक्रेन और मोल्दोवा की सदस्यता- डेनमार्क चाहता है कि यूक्रेन और मोल्दोवा जल्द यूरोपीय संघ का हिस्सा बनें। लेकिन हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान यूक्रेन की सदस्यता का विरोध कर रहे हैं। डेनमार्क का कहना है कि हंगरी को मनाने के लिए सभी राजनीतिक और व्यावहारिक उपाय किए जाएंगे। आर्थिक प्रतिस्पर्धा- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति के कारण व्यापारिक माहौल बदला है। यूरोपीय संघ अब भारत जैसे नए देशों से व्यापार समझौते कर रहा है। डेनमार्क का जोर है कि नौकरशाही को कम करके नवाचार को बढ़ावा दिया जाए।

जलवायु परिवर्तन- यूरोपीय संघ का लक्ष्य है 2050 तक जलवायु न्यूट्रल बनना। डेनमार्क 2040 के लिए स्पष्ट लक्ष्य तय करना चाहता है। रूस से ऊर्जा पर निर्भरता घटाना भी एक अहम मुद्दा रहेगा।

कृषि नीति में सुधार- किसानों के लिए यूरोपीय संघ नियमों को सरल और व्यवसायिक बनाना। नियमों की जटिलता कम करने पर बातचीत को अंतिम रूप देना। प्रवासन नीति- डेनमार्क की प्रधानमंत्री पहले 'शून्य शरणार्थी' की बात कर चुकी हैं। यूरोपीय संघ अब उन देशों में 'रिटर्न हब' बनाना चाहता है जहां शरण न मिलने वाले प्रवासियों को भेजा जा सके।

# इंडोनेशिया के बाली में हादसा : 65 लोगों को ले जा रही फेरी नाव डूबी, 4 की मौत, कई लोग लापता

**इंडोनेशिया।** इंडोनेशिया में 65 लोगों को लेकर जा रही फेरी (मध्यम आकार की नाव) डूब गई। फेरी डूबने के कारण दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। स्थानीय पुलिस और बचावकर्मियों ने बताया कि इंडोनेशिया में बाली के पास 65 लोगों को ले जा रही नौका डूब गई। हादसे में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई।



### 20 लोगों को बचाया गया

राहत और बचाव कार्य चला रहे दल के साथ मौजूद बन्युवांगी के पुलिस प्रमुख रामा समतामा पुत्रा ने बताया कि दो शव बरामद कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 20 लोगों को बचा लिया गया है। कई लोग घंटों तक तेज पानी में बहते रहने के कारण बेहोश हो गए। दो टग बोट और दो इन्फ्लेटेबल बोट सहित नौ नावें लापता लोगों की तलाश में लगी हुई हैं। रेस्क्यू टीम ने बताया कि रात के अंधेरे में 2 मीटर तक ऊंची लहरों के कारण राहत और बचाव कार्य में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### 43 लोगों की तलाश जारी

इंडोनेशिया के रिसॉर्ट द्वीप बाली के पास छोटी नाव डूबने के कारण 65 लोग डूब गई। राहत और बचाव कर्मियों ने बताया कि हादसे के बाद लापता हुए 43 लोगों की तलाश की जा रही है। इस नाव पर 53 यात्री, 12 चालक दल के सदस्य और 14 ट्रकों सहित 22 वाहन भी थे। बाली के गिलिमनुक बंदरगाह जा रही थी नाव, रवाना होने के आधे घंटे बाद ही डूबी नेशनल सर्च एंड रेस्क्यू एजेंसी ने एक बयान में कहा, बुधवार देर रात पूर्वी जावा के केतापांग बंदरगाह से रवाना हुई फेरी लगभग आधे घंटे बाद डूब गई। नाव का नाम केएमपी टुनु प्रतामा जया है। इसे 50 किलोमीटर की यात्रा कर बाली के गिलिमनुक बंदरगाह जाना था।

### इंडोनेशिया में नौका दुर्घटनाएं आम

गौरतलब है कि इंडोनेशिया में नौका दुर्घटनाएं आम बात हैं। 17 हजार से अधिक द्वीपों वाले इस देश में परिवहन के लिए अक्सर नौकाओं का उपयोग किया जाता है। हालांकि, सुरक्षा मानकों और नियमों का भी बड़े पैमाने पर उल्लंघन होता है, जिसके कारण हादसे भी होते हैं।

### तलाशी अभियान में 31 लोगों को जीवित पाया

राष्ट्रीय खोज एवं बचाव एजेंसी ने एक बयान में कहा कि गुरुवार दोपहर तक नौका के 53 यात्रियों और 12 चालक दल के सदस्यों में से 31 लोगों को बचा लिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि केएमपी टुनु प्रातमा जया बुधवार देर शाम पूर्वी जावा के बान्यूवांगी शहर के केतापांग बंदरगाह से बाली के गिलिमानुक बंदरगाह के लिए 50 किलोमीटर की यात्रा पर रवाना होने के लगभग आधे घंटे बाद डूब गया। एक हेलीकॉप्टर और दो टग बोट तथा दो इन्फ्लेटेबल बोट सहित नौ नौकाओं ने मछुआरों और तट पर मौजूद लोगों की सहायता से जीवित बचे लोगों की खोज की।

# अतुल वत्स ने बंधा रोड को नूर नगर से जोड़ने वाली सड़क के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

## प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने रोड के निर्माण में गति लाने के दिए निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बंधा रोड को नूरनगर से जोड़ने वाली 18 और 24 मीटर रोड के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जीडीए उपाध्यक्ष ने रोड के निर्माण कार्य में गति लाने के निर्देश दिए।



इस दौरान उन्होंने कहा कि रोड के निर्माण कार्य पूरा होने के बाद निश्चित तौर से राजनगर एक्सटेंसन और आस-पास के एरिया के लोगों को बेहतर यातायात की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि दोनों रोड की भूमि के क्रय व निर्माण पर 42 करोड़ की लागत आएगी। इन रोड के निर्माण कार्य की शुरूआत क्षेत्र के किसानों की सहमति प्राप्त होने के बाद हो सकी है। इस दौरान अभियंत्रण अनुभाग के अधिकारियों के द्वारा प्राधिकरण उपाध्यक्ष को अवगत कराया गया कि बरसात से पूर्व मिटटी भराई एवं संघनन का कार्य किया जा रहा है, ताकि बाद में पक्की रोड का निर्माण कार्य सुचारू हो सकें। इस परियोजना पर कुल 42 करोड रूपए खर्च किए जाएंगे, जिसमें से लगभग 32 करोड़ रूपए का भुगतान किसानों को प्रतिकर के रूप में किया जाएगा। इन सड़कों में 18 मीटर चौडी रोड की लंबाई लगभग 750 मीटर तथा 24 मीटर चौडी सडक की लंबाई लगभग 350 मीटर होगी। उल्लेखनीय है कि यह एक ऐसा गांव है जहां 100 प्रतिशत किसानों ने अपनी भूमि सडक निर्माण के लिए स्वेच्छा से देने पर सहमति जताई है। हाल ही में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया कि किसानों से भूमि क्रय सर्किल रेट के दुगने मूल्य पर सहमति के आधार पर किया जा रहा है। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा यह भी निर्देश दिये गए कि सड़क के नामकरण हेतु जनता से सुझाव भी आमंत्रित किये जाए।

# कांवड़ यात्रा से पहले गाजियाबाद में 41 जगहों पर चेकिंग में 1387 वाहनों का चालान, 3398 लोगों की जांच

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** 11 जुलाई से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस ने यातायात व्यवस्था को मजबूत करने की कवायद शुरू कर दी है। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर ट्रांस हिंडन क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। ट्रांस हिंडन क्षेत्र के सभी थानों और चौकियों पर सहायक पुलिस आयुक्तों की निगरानी में 41 स्थानों पर चेकिंग की गई। पुलिस ने 3398 व्यक्तियों की जांच की। इस दौरान 1387 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान काटा गया। पुलिस ने बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना नंबर प्लेट और गलत दिशा में चलने वाले वाहनों पर विशेष ध्यान दिया। पुलिस का कहना है कि कांवड़ यात्रा के दौरान दुर्घटना और कानून-व्यवस्था की समस्या को रोकने के लिए यह कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। साथ ही कांवड़ यात्रा के दौरान संयम और सहयोग बनाए रखने को कहा है। ट्रांस हिंडन जोन में यह अभियान आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा। पुलिस का मकसद है कि यात्रा शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न हो। पुलिस ने चेतावनी दी है कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।






▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ की स्टोरी में है एक और गुर्जर चेहरा? जिस पर गागर मे सागर भरने वाले मिस्टर नागर और नदिया पार के मिस्टर कसाना? हमें अंदर से पता चली है ये बात कि ये चेहरा बदल सकता है इनका तराना? भगवा योद्धा भी इस चेहरे को लेकर हैं बिलकुल कूल? उनके बराबर में लग सकता है इस चेहरा का स्टूल? इस चेहरे की है कसाना और नागर को रिप्लेस करने की ताकत? ठाकुर साहब की कृपा भी इस पर बरस रही है हुजूर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम खुद ही नहीं हो पा रहे हैं भगवागढ़ के सिस्टम में सेट? मगर जब हम देखते हैं नदिया पार की एक फैमली को तब हो जाते हैं हम अपसेट? मम्मी-पापा से लेकर दोनों सुपुत्रों को मिल रहा है भगवागढ़ में राजनीति करने का मौका? किसी ना किसी का लग ही जाता है किसी ना किसी गेंद पर चौका? कहने वाले ने कहा बनाने वालों ने बना ली है परिवारवाद वाले इस मैटर की पूरी रिपोर्ट? इस रिपोर्ट के आधार पर मारने वाले तैयार हैं मारने को एक गुर्जर चेहरे पर चोट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा ठाकुर कमिश्नर की अदाओं पर मारा किसी ने ताना? कहा जब पार्टी के आयाम होते हैं तब ये अनफिट हो जाते हैं? जब मंच और माईक वाले प्रोग्राम होते हैं तब दिखाई देता है इनकी सक्रियता का तराना? हमने देखा आयामों से दूर रहने वाले ये ठाकुर चेहरे योगी जी के गाजियाबाद आने पर दिखाई दे रहे थे पूरी तरह अपडेट? खटा-खट कार्यक्रम में फोटो खिंचवा रहे थे? अच्छे-अच्छे फिट चेहरे नहीं दिख रहे थे इनके सामने अपडेट? मगर जब इनको आयाम बताये जाते हैं तो ये हो जाते हैं अपसेट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं अंदर की बात? वसुंधरा मंडल की टीम में होने जा रही है एक ऐसे चेहरे की एन्ट्री? जिसका सक्रियता का नहीं है कोई भी इतिहास? सुना है किसी बड़ी कृपा के सहारे ये मंडल अध्यक्ष की टीम में बनाने जा रहे हैं स्थान? अब ये कृपा किसी मेहरबानी से हो रही है इस बारे में पता नहीं चल रहा है श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि धीरज भैया का हाउस टैक्स वाले मुद्दे पर उस वक्त दे गया धीरज जवाब? उन्होंने जब रखी थी किसी के सामने दिल की बात? मैम्बर अग्रवाल जी दे रहे थे ये संदेश? कह रहे थे अगर भविष्य में हाउस टैक्स बढ़ गया तो फिर सदन से अगली बार गायब हो जायेगा हमारा फेस? जनता लेगी हमसे चुनाव में गिन-गिन कर हिसाब? क्योंकि जब दौर था लोहा लेने का तब हम नहीं दिलवा पाये थे उसको इंसाफ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अब तक का सबसे हिट रहा है मुरादनगर वाले विधायक जी के बर्थडे का प्रोग्राम? कहने वाले ने कहा भीड़ तो उनकी लोकप्रियता पर भी आई थी? मगर हम देख रहे थे भगवा योद्धा के स्तर से भी किये गये थे इंतजाम? बर्थडे में पहुंचने वाले थे हर चेहरे को था इस बात का एहसास कि योद्धा और विधायक जी की है आपस में बहुत अच्छी बात? सबने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई? क्योंकि सबको ये पता था कि वो चुप भी रहे तो हो जायेगा काम? और बोल दिये तो दर्ज हो ही जायेगा नाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार वाले बक्शी जी पूर्व होने के बाद नहीं ले रहे हैं ज्यादा टेंशन? सुना है पहाड़ों में मना रहे हैं वो वेकेशन? भीम जी के ताल में वो मिला रहे हैं जमीन वाली ताल से ताल? आखिर खुद को मजबूत रखने का भी तो है सवाल? सुना है उनके मन में आ गया है अच्छी जमीन लेकर रिसोर्ट बनाने का ख्याल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि विधायक जी ने दे दिया है अक्की भैया को आशीर्वाद? सुना है राजनीति की फील्ड पर खोलना चाहते हैं इनका लॉक? निशाने पर है कोई ब्लॉक? कहने वाले ने कहा हम वैसे ही नहीं कह रहे हैं आपको ये बात? जितने लगे हैं होर्डिंग उससे ज्यादा है इस बात के लेकर चचाओं का सैलाब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ना जाने गाजियाबाद के कुछ ओबीसी चेहरे एक ओबीसी चेहरे से क्यों रहते हैं परेशान? जब भी इस ओबीसी चेहरे के किसी पार्टी के कार्यक्रम में दर्शन होते हैं तब दूसरे ओबीसी चेहरे हो जाते हैं हैरान? सुना है इन ओबीसी चेहरे को देखकर मारा था दूसरे ओबीसी चेहने ने हाल ही में ताना? कहा था आपको तो उस वाले जनपद से राजनीति करनी चाहिए? क्यों रहता है आपका हमारी राजनीति में आना-जाना? इस बात को सुनकर ओबीसी चेहरे ने कहा हमें कहां से करनी है राजनीति, इस बारे में आप हमें मत बताना? क्यों उड़ते हुए तीर को मोड रहे हो अपनी ओर? क्यों साध रहे हो खुद ही पर निशाना?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि शस्त्र लाईसेंस को लेकर जो लगाई थी आपने अखबार में खबर? खबर में किया था आपने विधायक जी की सिफारिश ना करने वाली बात का जिक्र? हमने देखा इस खबर को पढ़कर आ गई त्यागी मैडम के चेहरे पर मुस्कुराहट? हमने उनके कमेंट से समझी उनकी मुस्कुराहट की आहट? उन्होंने शब्दों से दे दिया संदेश? सिर्फ ये ही विधायक शस्त्र लाईसेंस की सिफारिश नहीं करते हैं? कुछ इसी तरह जारी है हमारे बाकी विधायकों का भी केस?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# कांग्रेस ने महामहिम राजपाल उत्तर प्रदेश के नाम लिखा पत्र

## 5000 सरकारी स्कूलों को बंद करने के विरोध में डीएम को सौंपा ज्ञापन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने 5000 जूनियर विद्यालयों को मर्ज करने का निर्णय लिया है जो युवा, छात्र और रोजगार विरोधी निर्णय है। जिस कारण कई गांव में विद्यालयों को कई किलोमीटर दूर मर्ज कर दिया गया है। इसका व्यापक दुष्परिणाम सुदूर गांव के बच्चों पर पड़ेगा क्योंकि शिक्षा के लिए उन्हें दूसरे गांव में जाना पड़ेगा जिससे छात्रों व अभिभावकों को भी काफी दिक्कतें आएंगी। इसके साथ ही मिड डे मील के तहत जो स्कूलों में खाना बनाते थे उनका भी रोजगार समाप्त हो जाएगा। कितने परिवार बेरोजगार हो जाएंगे।





बीएड, बीटीसी, की डिग्री लिए युवाओं के लिए नौकरी की दिक्कत खड़ी होगी। प्रदेश सरकार का यह कदम हर तरीके से युवा छात्रों और नौजवानों के हितों के विपरीत है। बेरोजगारी उत्तर प्रदेश में और ज्यादा बढ़ जाएगी। कांग्रेस पार्टी प्रदेश सरकार के इस निर्णय की घोर निंदा करती है। कांग्रेस पार्टी ने युवाओं छात्रों एवं बेरोजगारों के लिए व्यापक हितों के लिए संघर्ष करने का निर्णय लिया है। अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश सरकार के इस जन विरोधी निर्णय को वापस कर अनुग्रहित करें। इस मौके पर वीर सिंह जाटव, सतीश शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, ओमदत्त गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, नन्द किशोर शर्मा, सक्ति गौतम, सविता जायसवाल खलीद खुर्शीदा, मौहम्मर यूनुस आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।

# विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने डीएलएफ जिंदल रोड के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

## लोनी की आधारभूत संरचना को मिलेगा नया बल, जनता को मिलेगा सीधा लाभ





**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बहुप्रतीक्षित डीएलएफ कॉलोनी के जिंदल रोड के आरसीसी निर्माण कार्य का गुरुवार को लोनी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने किया। यह सड़क 80 लाख रुपये से अधिक की लागत से निमार्णाधीन है, जो क्षेत्रवासियों को लंबे समय से जलभराव और जर्जर मार्ग की समस्या से मुक्ति दिलाएगी। इस मार्ग के दोनों ओर लगभग 1 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से नाला निर्माण कार्य भी अंतिम चरण में है, जिससे वर्षा के समय जलनिकासी की समस्या नहीं होगी। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा डी ब्लॉक में कार्य प्रारंभ हो चुका है और ए ब्लॉक व अन्य ब्लॉकों में भी कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाएंगे। इसके अतिरिक्त मुख्य एमएम रोड पर जलनिकासी की समस्या को दूर करने हेतु जीडीए द्वारा 2.62 करोड़ रुपये की लागत से आरसीसी नाला व साइड लॉकिंग का टेंडर भी जारी कर दिया गया है। यह कार्य क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात साबित होगा।

साथ ही, विधायक ने सीवर कार्य कर रही एजेंसियों और ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी सड़क को टूटी हालत में नहीं छोड़ा जाए। यदि ऐसा पाया गया तो संबंधितों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बिजली आपूर्ति पर भी बड़ा निर्णय : डीएलएफ और चमन विहार क्षेत्र की 30 केवीए लाइन के सुधार, पृथकीकरण और पुराने तारों के नवीनीकरण के संबंध में भी डीएलएफ विद्युत उपकेंद्र पर एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बताया कि लोनी के तीनों विद्युत वितरण खंडों को आवश्यक बजट उपलब्ध कराया गया है। आने वाले समय में क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति और अधिक सुचारू होगी।

विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा लोनी की जनता ने हम पर विश्वास जताया है, और हमारी प्राथमिकता है कि हर गली, हर घर तक विकास पहुँचे। सड़क, सीवर, चिकित्सा, शिक्षा, नाला और बिजली-हर मोर्चे पर हम योजनाबद्ध कार्य कर रहे हैं। जनप्रतिनिधि होने के नाते मेरा संकल्प है कि लोनी को एक आदर्श शहर के रूप में स्थापित किया जाए। इस दौरान भाजपा सभासद कुलवीर चौहान, महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती मिश्रा, मेहरचंद प्रधान, प्रेमराज भाटी, भाजपा नेता विपिन कसाना, प्रशांत झा, करन ग्रोवर, रविन्द्र भाई, ललिता चौधरी, नरेश पोद्दार, सुधाकर तिवारी, विजय मिश्रा, केडी शर्मा, आरडी शर्मा, मनीषा त्रिपाठी पप्पू पंवार आदि उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद से हरिद्वार तक कांवड़ यात्रा के लिए 350 विशेष बसें तैयार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश सरकार और परिवहन विभाग ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली हैं। गाजियाबाद परिवहन विभाग ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 350 से अधिक विशेष बसों की व्यवस्था की है। यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक सफर के साथ भक्तिमय माहौल मिलेगा। बसों में शिव भजन और भक्ति गीतों के लिए साउंड सिस्टम लगाए जा रहे हैं। सभी बसों की नियमित तकनीकी जांच की जा रही है। साथ ही सफाई और सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गाजियाबाद परिवहन विभाग के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अंशु भटनागर के अनुसार यात्रा के दौरान हर स्तर पर निगरानी रखी जाएगी। श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा।



प्रशासन ने रूट मरम्मत का काम पूरा कर लिया है। चिकित्सा सुविधाएं, यातायात नियंत्रण और जलपान केंद्र की व्यवस्था की गई है। हर साल लाखों शिवभक्त गंगाजल लेने हरिद्वार, ऋषिकेश और गंगोत्री जाते हैं। गाजियाबाद से हरिद्वार तक की यह यात्रा अब एक सामूहिक उत्सव बन चुकी है। सरकार और प्रशासन का लक्ष्य है कि श्रद्धालुओं की यात्रा सुरक्षित और सुविधाजनक हो।

# मिलावटी पनीर पाए पर कारोबारियों पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने की कार्रवाई







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी के निर्देशन में खाद्य पदार्थ पनीर के संबंध में खाद्य विभाग की टीम द्वारा ग्राम नाहली मोदीनगर स्थित कफिल उर्फ कलुवा पुत्र मंसब अली के पनीर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट से खाद्य सुरक्षा अधिकारी दर्पण कुमार, मुकेश शर्मा एवं शैलेंद्र सिंह द्वारा 2 पनीर, 1 खोया, 1 रिफाइंड सोयाबीन तेल (अपमिश्रक) और 1 स्किम्ड मिल्क पाउडर का नमूना संग्रहित किया गया। लगभग 100 किलो पनीर अस्वच्छ और अस्वस्थ परिस्थितियों (ढेर सारी मक्खियां तैयार पनीर और खाद्य कारोबार परिसर में पाई गई) में भंडारित होने के कारण विनष्ट कराई गई। खाद्य कारोबार कर्ता के खाद्य पंजीकरण को जन स्वास्थ्य के दृष्टिगत निलंबित कर दिया गया। एक अन्य खाद्य कारोबार कर्ता मूरसलीम की पनीर विनिर्माण इकाई में 60 किलोग्राम पनीर का भंडारण पाया गया, जिससे खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रेमचंद द्वारा पनीर का एक नमूना जांच वास्ते लिया गया।

वही जनपद के अन्य हिस्सों में भी मिलावटी पनीर की आपूर्ति रोकने हेतु कार्यवाही की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह द्वारा जनपद अमरोहा से आने वाली बोलेरो गाड़ी से पनीर का एक नमूना संग्रहित किया गया। संग्रहित नमूने को खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है एवं तत्संबंध में जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम विधि कार्रवाई की जाएगी। जनपद में गुणवत्तापरक पनीर को उपलब्ध कराए जाने के दृष्टिगत ऐसी कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# पत्रकार अपूर्वा चौधरी का अनिश्चितकालीन आमरण अनशन तीसरे दिन भी जारी






## अब समर्थक भी शुरू करेंगे क्रमिक अनशन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पत्रकार अपूर्वा चौधरी द्वारा थाना मधुबन बापूधाम पुलिस के कथित तानाशाही रवैये, दुर्व्यवहार और उत्पीड़न के विरोध में शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना और आमरण अनशन आज तीसरे दिन में प्रवेश कर गया है। 48 घंटों से अधिक समय बीतने के बावजूद, प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा इस मामले में कोई संज्ञान नहीं लिया गया है।

अपूर्वा चौधरी ने अपनी मांगें पूरी होने तक शांतिपूर्ण अनशन जारी रखने का संकल्प दोहराया है। ललित चौधरी ने बताया कि 27 जून 2025 को हम अपनी गाड़ी से संबंधित एक दुर्घटना की शिकायत दर्ज कराने थाना मधुबन बापूधाम गये थे। वहां थाना प्रभारी और पुलिस कर्मियों का व्यवहार अत्यंत आपत्तिजनक और अमानवीय था। उनके अनुसार, थाना प्रभारी के कार्यालय में एक दबंग व्यक्ति ने अपूर्वा चौधरी की लज्जा भंग करने का प्रयास किया और हाथापाई गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बावजूद, पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, बल्कि हमें ही अपमानजनक तरीके से कार्यालय से बाहर खींचकर निकाला गया। थाना प्रभारी ने धमकी भरे लहजे में उनकी शिकायत वापस लेने और सोशल मीडिया पोस्ट हटाने का दबाव बनाया। 28 जून 2025 को इस मामले की लिखित शिकायत पुलिस आयुक्त, गाजियाबाद को सौंपी गई थी, जिसमें त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था। पुलिस आयुक्त कार्यालय से इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं हुआ है। प्रशासन की इस चुप्पी ने अपूर्वा और उनके समर्थकों के बीच असंतोष को और बढ़ा दिया है। यह देखना बाकी है कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और क्या अपूर्वा की मांगें पूरी होती हैं।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट आफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। विकास के लिए निर्दोष त्यागी जीडीए वीसी अतुल वत्स का आभार किया। नई सड़क के निर्माण के लिए उन्होंने अपने इस आभार को सोशल मीडिया पर साझा किया। निर्दोष त्यागी की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।